
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



सिकंदर में पहली बार सलमान की जमेगी .......



त्रप्ति आर्यन संग करेंगी फिल्म.......

वर्ष : 10 | अंक : 276 | लखनऊ, 17 सितम्बर, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

वेस्ट त्रिपुरा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है। पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितम्बर को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में इस धराधाम पर आकर कार्य कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा और इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है।

सीएम योगी ने कहा कि यहां के राजा में शक्ति एवं सामर्थ्य था, इसलिए त्रिपुरा स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहा। यहां के राजा ने जनता को एकजुट करके त्रिपुरा को विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जो सामर्थ्यवान होगा और ताकत का एहसास अपने दुश्मनों को कराएगा, वो हमेशा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जो अपनी ताकत खोकर अपने दुश्मन और मित्र को समझने में भूल करेगा, उसी प्रकार का खामियाजा भुगतेगा जैसा आज बांग्लादेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।



सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के द्वारा चलाई गई दुर्वयसंधि का शिकार होते रहेंगे तो कांग्रेस देश का विभाजन कराएगी, हिंदुओं का कत्लेआम कराएगी, उन्हें जातियों में बांटकर लड़ाएगी और भारत की परंपरा-संस्कृति को नष्ट एवं भ्रष्ट कर देगी। आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान अगर बंगाल विरोध नहीं करता तो सबको पता है कि उस समय देश में क्या होता। सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में विद्याभारती के माध्यम से हजारों शिक्षण संस्थानों एवं सेवा के प्रकल्पों का संचालन कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में जनजातीय क्षेत्रों में एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन कर रहा है। श्रीराम वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने 1984 में गोरखपुर में जनजातीय छात्रावास प्रारंभ किया था, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के बच्चे जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि अब भारत का समय है इसलिए आज हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर अग्रसर हैं।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से पांच सदी का इंतजार समाप्त हुआ है। कुछ लोगों को मंदिर के बन जाने से बुरा लग रहा है, जिन्हें बुरा लग रहा है उनका हम क्या कर सकते हैं। हम भारत की बहुसंख्यक जनता की आस्था को सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है, लेकिन ये तभी संभव है, जब हम सुरक्षित रहेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आज पूरा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य कर रहा है। आज त्रिपुरा में सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल है। आज से सात-आठ वर्ष पहले यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि एक ओर यहां की डबल इंजन की सरकार त्रिपुरा के सर्वांगीण विकास के लिए डबल स्पीड से कार्य कर रही है तो वहीं दूसरी ओर त्रिपुरा में धार्मिक क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में पहले पर्व और त्योहार के दौरान दंगे होते थे। आज हमने उत्तर प्रदेश में दंगाइयों के लिए बुल्डोजर और भक्तों को प्रभु श्रीराम का मंदिर दे दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबको ध्यान रखना होगा कि धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः यानी अगर हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी भी रक्षा करेगा। वहीं अगर अपने स्वार्थ के लिए हम अपने धर्म का बलिदान करेंगे तो धर्म भी आपके साथ उसी प्रकार का व्यवहार करेगा। 'यतो धर्मस्ततो जयः' सनातन धर्म की यही शिक्षा है।

सीएम योगी ने कहा कि मां सिद्धेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर के उद्घाटन का यह कार्यक्रम हम सबके लिए महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि पूज्य संत शांतिकाली महाराज ने 1994 में आश्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाया था। शांतिकाली महाराज ने उस समय जो संकल्प लिए थे, उसे चितरंजन महाराज बिना रुके और बिना डिगे आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए भारत सरकार भी उनका सम्मान कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के एक हाथ में मुरली और दूसरे हाथ में सुदर्शन है। सुरक्षा के लिए केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, उसके लिए सुदर्शन आवश्यक है और जब सुदर्शन हाथ में होगा तो फिर किसी शांतिकाली महाराज को बलिदान नहीं देना पड़ेगा।

### महायज्ञ में शामिल हुए सीएम योगी

सीएम योगी ने नारियल फोड़कर मंदिर का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने विधि विधान से माता सिद्धेश्वरी की पूजा अर्चना की। उसके बाद सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण भी किया।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 43.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,332.72 |
| निफ्टी | 24,834.85 |

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय दौरे के चलते इंदौर में ड्रोन उड़ाने पर रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

इंदौर (मध्यप्रदेश) । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 18 सितंबर (बुधवार) से शुरू होने वाले दो दिवसीय दौरे में उनकी सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने इंदौर के चिन्हित स्थानों के आस-पास ड्रोन और अन्य चीजें उड़ाने पर रोक लगा दी है। अधिकारी ने बताया कि शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे, एमजी रोड, रेसीडेंसी कोठी और भंवरकुआं चौराहे के तीन-तीन किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और अन्य चीजें उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लगाई गई यह रोक



17 सितंबर से 19 सितंबर तक लागू रहेगी और इसके उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह रोक विमानों की वाणिज्यिक उड़ानों पर प्रभावी नहीं होगी।

## 100 दिनों में मैंने दिन-रात नहीं देखा, एजेंडे को पूरा करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुज से अहमदाबाद तक भारत की पहली वंदे मेट्रो और नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली और वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा मोदी ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उत्सव के इस समय में भारत के विकास का उत्सव भी निरंतर जारी है। अभी यहां से करीब 8,500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें रेल, रोड और मेट्रो जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

मोदी ने कहा कि आज गुजरात के गौरव में एक और सितारा जुड़ा है। आज नमो भारत रैपिड रेल भी शुरू हुई है। ये भारत की अर्बन कनेक्टिविटी में एक और मील का पत्थर सिद्ध होने वाली है। उन्होंने कहा कि आज गुजरात के हजारों परिवार अपने नए घर में प्रवेश भी कर रहे हैं। आज हजारों परिवारों को उनके पक्के घर



की पहली किस्त भी जारी हुई है। मोदी ने कहा कि उत्सव के इस माहौल में एक पीड़ा भी है। इस वर्ष गुजरात के अनेक इलाकों में एक साथ अतिवृष्टि हुई है। इतिहास में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर, इतने कम समय में, इतनी तेज बारिश हमने देखी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात के कोने-कोने में ये स्थिति पैदा हुई। इसके कारण जान-माल की भी बहुत हानि हुई है। केंद्र और राज्य सरकार प्रभावितों को हरसंभव राहत देने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे गुजरात के आप सभी लोगों की अपेक्षा का भी अहसास है। आप चाहते थे कि तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैं जल्द से जल्द आपके बीच आऊं। ये स्वाभाविक था, क्योंकि 60 साल के बाद देश की जनता ने एक नया इतिहास रचा है। एक सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम का संकल्प दिलाकर आप ही लोगों ने मुझे दिल्ली भेजा है। मैंने लोकसभा चुनाव के दरमियान आप सभी को और देशवासियों को एक गारंटी दी थी। मैंने कहा था कि तीसरे टर्म के पहले 100 दिन में देश के लिए अभूतपूर्व फैसले लिए जाएंगे।

### संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी की आरक्षण खत्म करने पर की गई टिप्पणी देश में सकारात्मक कार्रवाई के लिए 'एक खतरा'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में हाल ही में एक बातचीत के दौरान आरक्षण पर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया। भारत में आरक्षण के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम आरक्षण को खत्म करने के बारे में तब सोचेंगे जब भारत एक उचित स्थान होगा और भारत एक उचित स्थान नहीं है। इस टिप्पणी ने न केवल सकारात्मक कार्रवाई के प्रति कांग्रेस पार्टी के दृष्टिकोण के बारे में, बल्कि भारत की सामाजिक व्यवस्था पर इसके व्यापक प्रभाव के बारे में भी व्यापक बहस छेड़ दी है।

#### कांग्रेस की सकारात्मक कार्रवाई का ऐतिहासिक विरोध

आरक्षण और सकारात्मक कार्रवाई के साथ कांग्रेस का एक जटिल रिश्ता रहा है। हालाँकि, कांग्रेस ने कई मौकों खुद को हाशिए पर रहने वाले समूहों के चैंपियन के रूप में स्थापित किया है, लेकिन इतिहास की बारीकी से जांच करने पर अधिक जटिल कथा का पता चलता है। कांग्रेस पार्टी के सबसे मजबूत नेताओं में से एक पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व्यापक सकारात्मक कार्रवाई लागू करने में झिझक रहे थे। उसके इंदिरा गांधी का कार्यकाल भी महत्वपूर्ण आरक्षण नीतियों के विरोध से भरा रहा है। राहुल गांधी के पिता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विवादास्पद टिप्पणी की, यहां तक ??कि ओबीसी को बुद्धू (मूर्ख) भी कहा, जिससे पिछड़े समुदायों में आक्रोश फैल गया था।

## अरविन्द केजरीवाल के बाद अगले मुख्यमंत्री के नाम की चर्चा जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की राजनीति में उस समय भूचाल आ गया जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अगले दो दिनों में इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। इस घोषणा के बाद उनके उत्तराधिकारी की चर्चा होना शुरू हो गई है। इस कड़ी में आम आदमी पार्टी के कई नेताओं का नाम चर्चा में आ गया है। रिपोर्ट की मानें तो अरविंद केजरीवाल के बाद उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए कई मानों की चर्चा हो रही है। इसमें आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, गोपाल राय और इमरान हुसैन का नाम सबसे अधिक लिया जा रहा है। ये सभी



दिल्ली के मौजूदा विधायक है। अरविंद केजरीवाल के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में कई नेताओं का कहना है कि दलित नेता को अगला मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि अब तक इसे लेकर किसी व्यक्ति के नाम की घोषणा नहीं की गई है। आप संयोजक ने स्वयं अपने पूर्व उप-संयोजक मनीष सिसोदिया के पदभार संभालने की संभावना से इनकार किया है और पुष्टि की है कि चुनाव होने तक आप से ही कोई व्यक्ति उनका स्थान लेगा। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 11 फरवरी, 2025 को समाप्त होने वाला है। दिल्ली में पिछला विधानसभा चुनाव 8 फरवरी, 2020 को हुआ था। 70 सदस्यीय विधानसभा में आप को 62 और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 8 सीटें मिली थीं। इस बीच, सिसोदिया ने यह भी घोषणा की है कि वह केजरीवाल के साथ मिलकर प्रचार करेंगे और ईमानदारी के आधार पर वोट मांगेंगे तथा जब तक जनता से क्लीन चिट नहीं मिल जाती, तब तक वह कोई आधिकारिक पद ग्रहण नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री पद के लिए अग्रणी उम्मीदवारों में, आतिशी शिक्षा, वित्त, राजस्व और कानून सहित कई प्रमुख विभागों के प्रबंधन के कारण सबसे आगे हैं। केजरीवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने के लिए उन्हें नामित किया था। हालांकि, यह नामांकन खारिज कर दिया गया और दिल्ली के उपराज्यपाल ने गहलोत को यह काम सौंपा। अरविंद केजरीवाल ने 16 फरवरी को सीएम पद की शपथ ली, 2013 के बाद से यह तीसरी बार है जब उन्होंने पहली बार चुनाव जीता था।

## इंदौर में बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटर को मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत


एजेंसी

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात हुए इस हादसे के बाद बीएमडब्ल्यू चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के मुताबिक, खजराना थाना क्षेत्र में यह हादसा उस समय हुआ, जब लक्ष्मी तोमर और दीक्षा जादौन प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर मेले में घूमने के बाद स्कूटर से घर लौट रही थीं। सेंधव ने कहा, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण स्कूटर पर सवार दोनों महिलाएं सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। लक्ष्मी तोमर के परिजनों ने बताया कि वह अपने परिवार की एकमात्र कमाऊ सदस्य थी, क्योंकि उसके पिता का पिछले साल निधन हो गया था।

## 100 दिन में अल्पसंख्यक आयोग, 100% फसल बीमा, जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। घोषणापत्र जारी करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि कश्मीर का नौजवान, किसान, कश्मीरी पंडित, मीडिल क्लास, व्यापारी वर्ग, ओबीसी सभी को उनका हक मिलेगा। सबको उनका हक मिलेगा ये हमारी गारंटी है। खेड़ा ने कहा कि 72 रूपए प्रति किलो सेब उगाने वाले किसानों को मिलेगा। 100 प्रतिशत फसल बीमा दी जाएगी। टूरिज्म और ओबीसी पर एक विशेष फोकस किया गया है। ओबीसी के हितों की रक्षा की जाएगी। सरकार बनने के 100 दिन में अल्पसंख्यक आयोग बनाया जाएगा। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजना फिर से शुरू की जाएगी। लंबी काली रात खत्म



होने को है और नई सुबह आ रही है।

बता दें कि प्रदेश की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को चुनाव होंगे। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। एनसी और कांग्रेस ने चुनाव पूर्व गठबंधन किया है, जिसमें फारूक अब्दुल्ला की पार्टी 51 सीटों पर और कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सीपीआई (एम) और जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) को एक-एक सीट आवंटित की गई है, जबकि दोनों पार्टियां पांच सीटों पर दोस्ताना मुकाबला कर रही हैं। एनसी को अधिक सीटें दिए जाने पर सोलंकी ने कहा कि पार्टी के लिए लोगों का कल्याण किसी भी चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। आज जम्मू में अमित शाह ने जनसभा को संबोधित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में स्पष्ट लड़ाई कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच है।

## प्रदर्शन अब भी जारी, बातचीत के लिए ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों को फिर बुलाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को फिर से कोलकाता स्थित अपने आवास पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह पांचवां और अंतिम निमंत्रण है। बंगाल के मुख्य सचिव ने डॉक्टरों से ₹खुले दिमाग₹ के साथ चर्चा के लिए बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मिलने का आग्रह किया। इससे पहले, डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सभी शर्तों को स्वीकार कर लिया था, लेकिन अंतिम समय में सरकार ने उन्हें ठुकरा दिया।

इस बीच, सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के जवाब पॉलीग्राफ टेस्ट और स्तरित



आवाज विश्लेषण के दौरान भ्रामक पाए गए। 9 अगस्त को अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। वहीं, प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों का राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर आठवें दिन भी धरना जारी रहा और लगातार 36वें दिन उन्होंने काम बंद रखा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को कनिष्ठ चिकित्सकों के धरनास्थल पर अचानक पहुंची थीं और उन्हें उनकी मांगों पर गौर करने तथा दोषी पाए जाने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन गतिरोध को दूर करने के लिए प्रस्तावित वार्ता विफल होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के आवास पर तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल से चले जाने को कहा गया।

एक अन्य चिकित्सक ने दावा किया कि वे सीधा प्रसारण या वीडियो रिकार्डिंग के बिना ही बैठक में शामिल होने पर राजी हो गये थे जैसा कि ममता ने अनुरोध किया था और स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को इस निर्णय की सूचना दी गई थी लेकिन प्रदर्शनकारियों को यह कहते हुए मुख्यमंत्री आवास से जाने के लिए कहा गया कि अब काफी देर हो गयी है। बैठकों के सीधा प्रसारण और उपस्थित प्रतिनिधियों की संख्या पर असहमति के कारण कनिष्ठ चिकित्सकों और ममता के बीच बातचीत के पिछले कुछ प्रयास भी नाकाम रहे हैं।

# राजस्व विभाग ने ही कराया तालाब पर कब्जा, अब ग्रामीणों को नोटिस

**तालाब की भूमि पर रह रहे 167 परिवार**

**कई प्रधानमंत्री आवास भी अतिक्रमण की चपेट मे जिन्हे बचाने के लिए समाजसेवी ने जनप्रतिनिधियों से लगाई आस**

**अमन लेखनी समाचार/ अजीत सिंह**

बंथरा। ग्रामीणों के तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत करने पर राजस्व विभाग की टीम ने प्राचीन तालाब की पैमाइश की, जिससे कब्जाधारियों में खलबली मची रही। विदित हो की ग्राम सभा गढ़ी चुनौटी के कुछ लोगों ने तालाब पर मिट्टी भराव कर पक्के निर्माण करने की शिकायत रिट दायर की थी। रिट पर कोर्ट ने संज्ञान लिया तो राजस्व विभाग के हाथ पाव फूल गए। राजस्व विभाग के लोगों ने 3 महीने के भीतर तालाब पर बने सभी मकान स्वामियों को मकान छोड़कर जाने व उस जमीन पर रह रहे लोगों से क्षतिपूर्ति हेतु आर्थिक जुमार्ना हेतु नोटिस भेजी है जिसको लेकर तालाब पर रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है सरोजनीनगर क्षेत्र के गढ़ी चुनौटी सीमा के अंतर्गत एक 140 बीघा का तालाब चांदे बाबा के नाम पर अंकित है। जिस पर गांव के लोगों के द्वारा ही मकान बनाकर काफी दिनों से रहा जाता रहा है लेकिन अभी हाल ही में राजस्व विभाग की टीम ने तालाब पर पहुंचकर उसकी पैमाइस करवाई और तालाब पर रह रहे लोगों के विरुद्ध नोटिस भेज कर आर्थिक जुमार्ने का चिट्ठा भी थमा दिया जिसको लेकर लोग काफी परेशान है।



## आवास योजना की पात्रता :

ग्राम प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बेसहारे व भीख मांगते जीवन यापन करने वाले परिवार, आदिम जनजाति समूह या वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर की श्रेणी में आने वाले उन सभी लोगों के लिए इस योजना का लाभ मिलेगा और मूलतः ऐसे ही लोग ग्राम प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र होंगे और इस योजना के अंतर्गत आने वाले लोगों को ही लाभ मिलेगा।

## इतने परिवारों को सरकारी योजनाओं का मिल चुका है लाभ।

सरोजनीनगर तहसील के ग्राम गढ़ी चुनौटी के चांदे बाबा तालाब पर श्यामलाल पुत्र स्वर्गीय तिवारी लाल, इतवारी लाल पुत्र रामस्वरूप, बबलू पुत्र स्वर्गीय बचनू, बुद्ध पुत्र गूंगे समेत अन्य लगभग 55 लोग गांव का परिवार जिन्हें ब्लॉक के द्वारा ग्राम प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रही योजना का लाभ मिला। बेसहारा, भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले लोगों को भी सरकार से काफी आस जगी लेकिन कुछ ही वर्षो बाद राजस्व विभाग की टीम ने उल्टे ही कार्यवाही ग्रामीणों के ऊपर कर दी। इस कार्रवाई से गांव के लोग काफी परेशान हैं। ग्रामीण अब जनप्रतिनिधियों से कयास लगा रहे हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार से इस तालाब की भूमि पर रहने दिया जाए जिससे उनके बाल बच्चों का पालन पोषण हो सके और उनके रहने के लिए छत भी सकुशल बनी रहे।

## क्या है प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजनाएं जिसका उद्देश्य देश की गरीब और बेघर नागरिकों को आवास की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य हर व्यक्ति को 2024 तक अपना घर देना है जिससे देश की गरीबी कमहो सके।

## राजस्व विभाग की लापरवाही ग्रामीण पर पड़ रही भारी

ग्राम पंचायत सचिव के पास एक से क्लस्टर हैं, वहां पर अन्य सरकारी कर्मचारी को सर्वे की जिम्मेदारी होती है। आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के माध्यम से नए पात्र लाभार्थियों की सूची में जोड़ा जाएगा। इसके लिए आवेदक के पास खुद की न्यूनतम 25 वर्गमीटर क्षेत्रफल की भूमि होनी आवश्यक है। लेकिन यहां पर राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा आवास वितरित करते समय उनकी जमीनों की भू स्वामित्व की जांच नहीं की गई नहीं तो आज तालाब पर अवैध मकान ना बने होते और ना ही जनता इसका खामियाजा भुगतती।

ग्राम पंचायत गढ़ी चुनौटी के चांदे बाबा तालाब के अंदर (67) मकान आवास विकास योजना के अंतर्गत बन चुके हैं। प्रत्येक 5 वर्ष में सर्वे किया जाता है। ऐसे लोगों को मकान आवंटित किए जाते हैं जो कि गरीब हो जिनकी आय कम हो। जो बेसहारा हो, आदिम जनजाति या फिर इस श्रेणी में आते हो ऐसे लोगों को आवास विकास का लाभ दिया जाता है। लाभ पात्र लोगों को ही मिलता है ।सर्वे का कार्य सचिव व सेक्टर एडीओ का होता है। जमीन देने का कार्य रेवेन्यू का होता है- खंड विकास अधिकारी सरोजनी नगर।

# प्रेमजाल में फंसाकर आठवीं की छात्रा से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। बीती रात एक गांव निवासी आठवीं की छात्रा से युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। भाई ने आरोपी के खिलाफ थाने पर तहरीर दी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया। कुछ दिन पहले भी आरोपी युवक नाबालिग किशोरी के घर में कूदते हुए परिजनो ने पकड़ा था।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के साथ उसी के गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। किशोरी के भाई ने बताया कि उसकी बहन कक्षा आठ की छात्रा है. आरोपी के डर से किशोरी ने कई दिन से स्कूल जाना भी बंद कर दिया था। इसे पहले भी ललित ने रात में घर में कूदने का प्रयास किया था। तब उसे पकड़ कर थाने पर लिखित सुलाह समझौता हुआ था कि वो इस तरह का दुबारा कोई हरकत नहीं करेगा। लेकिन इस बार उसने सारी हदें पार कर दी बीती रात घर में दाखिल हुआ उसकी बहन की आंख खुल गई। और बाहर से दरवाजे को बंद कर दिया। जिसके बाद उसके परिजनों को जानकारी दी गई। लेकिन इसके बाद भी युवक के परिजन उसको समझाने की जगह उल्टा मारपीट करने के लिए आमादा हो गए। जिसको पकड़ कर परिजनों ने पुलिस को सौंप दिया. पुलिस ने भाई की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि किशोरी के भाई की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी का मेडिकल परीक्षण व बयान दर्ज कराया जा रहा है।

# बिल्डर भाईयो पर धोखाधड़ी व पैसे हड़पने का मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।बलिया जनपद के चितबड़ागांव निवासी प्रवीण कुमार गौतम ने पुलिस के उच्चाधिकारी से शिकायत करते हुये बताया 2019 में उन्होने मोहनलालगंज कस्बे में स्थित कान्हा उपवन वैली में 1500स्क्वायर फीट प्लाट खरीदा था जिसके बाद भी बिल्डर विनोद कुमार उपाध्याय व उनके भाई प्रमोद कुमार उपाध्याय निवासी बलिया ने प्लाट पर कब्जा नही दिया ओर टालमटोल करते रहे,मौके पर जाकर देखा तो पता चला जिस प्लाट की रजिस्ट्री बिल्डर भाईयो ने उसे की थी वो प्लाट किसी ओर को बेच दिया है ।पीड़ित की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये उच्चाधिकारी ने जांच के बाद मोहनलालगंज पुलिस को बिल्डर के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी बिल्डर भाईयो पर धोखाधड़ी व पैसे हड़पने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, दो दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। एक गांव में पुश्तैनी जमीनी विवाद को लेकर उसी गांव के ही दो दर्जन से अधिक लोगों ने एक घर में घुस कर लाठी डंडों,बांका ,लोहे की रॉड से जमकर मारपीट की जिसमें करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तुरंत आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमा किया दर्ज।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उसी गांव में गांव के किनारे उसकी पुश्तैनी जमीन है जिस पर उसी गांव के लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर पुलिस ने काम रुकवा दिया था। रविवार शाम गांव के ही राजाराम, बृजेश यादव, सत्यनारायण यादव ,दीपक यादव व उनके घर की महिलाएं व लडके व करीब 16 अज्ञात लोगों के साथ घर में लाठी डंडे बांका लोहे के रॉड के साथ घर में घुस आए





और पूरे परिवार व मौजूद रिश्तेदारों को मारने पीटने लगे। जिसमें आरोपी महिलाओं व लड़कियों के कपड़े फाड़ कर छेड़ छाड़ करते हुए जमकर मारा पीटा। जिसमें पति सहित परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हें तुरंत आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नौ नामजद व सोलह अज्ञात लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

# अखिलेश की शिवपाल से फिर बढ़ी दूरियां!

**जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए नहीं बनाए गए स्टार प्रचारक; चर्चा तेज**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। स्टार प्रचारकों में अखिलेश यादव के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सात सांसद, दो राष्ट्रीय सचिव और एक विधायक भी शामिल हैं। इसमें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव का नाम नहीं है।

स्टार प्रचारकों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा, सांसद अवधेश प्रसाद, धर्मेन्द्र यादव, इकरा हसन, हरेन्द्र मलिक, राज्यसभा सदस्य जावेद अली, सांसद प्रिया सरोज, पुष्पेंद्र सरोज, विधायक कमाल अख्तर, विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी, पूर्व विधान परिषद सदस्य उदयवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा के अलावा



जम्मू-कश्मीर के सपा नेताओं को शामिल किया गया है।

## 20 प्रत्याशियों की घोषणा

समाजवादी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 20 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी ने दूसरे चरण के चुनाव में हजरतबल से शाहिद हसन, बड़गाम से मकबूल शाह, बीरवाह से निसार अहमद डार, हब्बा कदल से मोहम्मद फारुक खान, ईदगाह से मेहराजुद्दीन अहमद को टिकट दिया है। इसके अलावा तीसरे चरण में बारामूला से मंजूर अहमद, बांदीपोरा गुलाम मुस्तफा, वगूरा क्रीरी से अब्दुल गनी डार, करनाह से सजवाल शाह, पट्टन से वसीम गुलजार, कुपवाड़ा से सबीहा बेगम, गुलमर्ग से हिलाल अहमद मल्ला, रफियाबाद से ताहिर सलमानी, त्रेहगाम से साजाद खान, लोलाब से शादाब साहीन को टिकट दिया है। वहीं, तीसरे चरण में बिश्नाह से तरसीम खुल्लर, विजयपुर से इंद्रजीत, उधमपुर पश्चिम से साहिल मन्हास, चेनानी से गीता मन्हास और नगरोटा से सतपाल को टिकट दिया है।

# घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, चार लोग घायल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। एक गांव में पुरानी उधारी का रुपए न देने से नाराज गांव के ही एक परिवार के लोगों ने घर में घुस कर किसान को लात घुसो व डंडो से जमकर पीटा. जिसमें चार लोग घायल हो गए। जिन्हे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर 12 नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज।



मलिहाबाद थाना क्षेत्र के गांव मऊ रमगढ़ा निवासी मोती लाल ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उसी गांव निवासी बुद्धा पाल से काफी दिन पहले दो हजार रुपए उधार लिए थे जिसमें आठ सौ रुपए दे चुके थे। बीती शनिवार शाम बचे हुए रूपए की उधारी मांगते बुद्धापाल अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगे जब उसने इसका विरोध किया तो वह चढ़ाई कर अपने परिवार के विकास, भोलू, जगदीश, अमन, सुमंगल, कमल किशोर, छोटू, बिट्टी, गोलू, पप्पू व प्रसाद की पत्नियां, अर्जुन व गांव के लोगों के साथ घर में घुसकर जमकर मार पीट की जिसमें मोती लाल समेत चार लोगों को गंभीर चोटें पहुंची है, जिन्हे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर 12 नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी में पहली अक्टूबर से शुरू होगी 'मोटे अनाज' की खरीद

## पंजीकरण कराकर किसान बेच पाएंगे श्रीअन्न

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। डबल इंजन सरकार श्रीअन्न के फायदों के प्रति एक तरफ जहां आमजन को प्रेरित कर रही है, वहीं किसानों को भी इसकी खेती के फायदे से जोड़ रही है। वर्ष 2024-25 के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। 'मोटे अनाज' में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को ऐप पर पंजीकरण/ नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी।



## टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं किसान

किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए पूर्व में जारी टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों को जिस बैंक खाते में भुगतान होगा, उसका आधार से जुड़ा होना आवश्यक है। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

## सरकार ने बढ़ाया है न्यूनतम समर्थन मूल्य

श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 व ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

## इन जिलों में होगी मक्का खरीद

बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, इटावा, बहराइच, बलिया, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र व ललितपुर में मक्का की खरीद की जाएगी।

## बाजरा खरीद वाले जनपद निर्धारित

बदायूं, बुलंदशहर, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, संभल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर-देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, बलिया, मीरजापुर, जालौन, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशांबी, जौनपुर, फतेहपुर

## इन जिलों में होगी ज्वार की खरीद

बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में ज्वार की खरीद होगी।

# प्राप्टीं डीलर पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**निगोहां के मीरखनगर में एक सप्ताह पहले प्राप्टीं डीलर पर हुये जानलेवा हमले की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, एक आरोपी को घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।निगोहां में प्रापर्टी डीलर पर कई राउंड फायरिंग कर जानलेवा हमले की घटना का सोमवार को पुलिस ने खुलासा करते हुये एक आरोपी को घटना में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बेची गयी जमीन पर प्रापर्टी डीलर द्वारा कब्जा ना देने से नाराज होकर हत्या करने की ठानी थी ओर मौका मिलते ही क ई राउंड गोलिया प्रापर्टी डीलर के शरीर में उतारने के बाद मरा समझकर मौके से भाग निकला था ।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया 10सितम्बर की देर रात निगोहां थाना क्षेत्र के मीरखनगर गांव में प्रापर्टी





डीलर शहंशाह पर अज्ञात लोगो द्वारा कई राउंड गोलिया चलाकर हत्या का प्रयास किया गया था,घायल प्रापर्टी डीलर की तहरीर पर अज्ञात हमलावरो पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिये थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमो को लगाया गया था ।टीमो ने कई दिनो की जांच पड़ताल के बाद उसी गांव में रहने वाले राजकमल को पुछताछ के लिये हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ शुरू की तो उसने पहले पुलिस को भ्रमित करने का प्रयास किया लेकिन बाद में टूट गया ओर प्रापर्टी डीलर की हत्या करने के इरादे से उस पर अवैध पिस्टल से कई राउंड गोलिया दगाने की घटना कारित करने की बात कबूली की ।पुछताछ में आरोपी राजकमल ने बताया शहंशाह ने पांच लाख रुपए में अपनी दुकान उसे बेची थी लेकिन बाद में उससे दुकान पुःन अपने नाम रजिस्ट्री करा ली थी लेकिन पांच लाख रुपये की रकम वापस नही की थी,काफी दबाब बनाने पर गांव में ही अपनी तीन बिस्वा जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम कर दी थी लेकिन बेची गयी भूमि पर कब्जा नही दे रहा था जिससे नाराज होकर उसने प्रापर्टी डीलर की हत्या करने की ठानी थी ओर क ई दिन की रैकी के बाद देर रात अकेले घर वापस लौट रहे प्रापर्टी डीलर पर कार से उतरते ही क ई राउंड गोलिया उसके शरीर पर दाग दी थी ओर मरा समझकर मौके से भाग निकला था ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल बरामद करने के साथ ही दर्ज मुकदमें में आर्म्स एक्ट धारा की बढोत्तरी करते हुये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# उत्तर प्रदेश के 80 हजार शिक्षकों को जल्द होगा बकाया धनराशि का भुगतान, पांच चरणों में लगेंगे शिविर

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों के 80 हजार शिक्षकों को लंबित देयकों का भुगतान जल्द किया जाएगा। करीब 200 करोड़ रुपये की धनराशि इन शिक्षकों को दी जाएगी। करीब 15 वर्षों से चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान और पदोन्नति पर मिलने वाली वेतन वृद्धि इत्यादि की बकाया धनराशि का भुगतान होगा। वेतन में तो इसकी बढ़ोतरी कर दी गई, लेकिन जिस तारीख से उसे लागू किया गया, उस दिन से वेतन बढ़ोतरी तक के समय की बकाया धनराशि नहीं मिल पाई है।



## पांच चरणों में लगेंगे शिविर

मंडल स्तर पर इसके लिए चार से पांच चरणों में शिविर लगाए जाएंगे। वर्तमान व पूर्व शिक्षकों को उनकी बकाया धनराशि दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर पर दो लाख रुपये तक, मंडल स्तर पर संयुक्त निदेशक चार लाख रुपये तक और मुख्यालय स्तर पर अपर निदेशक व निदेशक आठ लाख रुपये तक की बकाया धनराशि का शिक्षकों को भुगतान कर सकते हैं। वहीं, इससे अधिक धनराशि के भुगतान के लिए शासन से स्वीकृति लेनी होती है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष आरपी मिश्रा कहते हैं कि शिक्षकों व सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबित देयकों के भुगतान को जानबूझकर लटकाया जाता है। शिक्षा विभाग में बाबू बेवजह फाइल लटकाते हैं और अधिकारी आंखें मूंदे रहते हैं। फिलहाल अब इस व्यवस्था से शिक्षकों को राहत मिलेगी।

# पान की गुमटी में हुयी चोरी का खुलासा,तीन गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने चार दिन पहले पान की गुमटी में हुयी चोरी का खुलासा करते हुये तीन चोरो को गिरफ्तार कर माल बरामद किया ।पुलिस ने तीनो चोरो को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया क्षेत्र के बिन्दौवा मोड़ पर रखी अमितेश कुमार बाजपेयी की पान की गुमटी का ताला तोड़कर चोर उसमें रखा सामान उड़ा ले गये थे ।पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटना के लिये चौकी इंचार्ज अनूप कुमार सिंह समेत पुलिस की टीमो को लगाया गया.दुकान से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज के जरिये पुलिस टीम ने बिन्दौवा गांव के दो युवको राहुल व अमन को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू की तो दोनो ने अपने दोस्त कुलदीप निवासी ब्रम्हदासपुर थाना निगोहां के साथ मिलकर पान की गुमटी का ताला तोड़कर सामान चुराने की घटना कबूल करने के साथ ही उक्त पान की दुकान में ही 11अगस्त जो आग लगाये जाने की भी घटना को अजांम देने की बात कही ।पुलिस ने तीनो चोरो को न्यायालय मे पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास अवैध खनन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।प्रदेश में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चित्रकूट में बनाए गए प्रदेश के चौथे टाइगर रिजर्व रानीपुर के पास हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्णय पर्यटन व वन विभाग ने लिया है। पर्यटन विभाग को रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास मध्यप्रदेश की तरफ से अवैध खनन की सूचना मिली है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह मौके की पड़ताल करके रिपोर्ट दें। इसके बाद मध्यप्रदेश सरकार से कार्रवाई के लिए संपर्क किया जाएगा।

रानीपुर में स्थित टाइगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण की योजना पर काम किया जा रहा है। सरकार की कोशिश है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इस संबंध में बीते दिनों पर्यटन भवन में हुई बैठक में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की योजनाओं पर चर्चा के अलावा अवैध खनन के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

विभाग की कोशिश है कि इस क्षेत्र को इको पर्यटन के लिए विकसित कर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएं। टाइगर रिजर्व क्षेत्र सीमा से एक किलोमीटर के अंतराल में किसी भी तरह के निर्माण व खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद भी मध्य प्रदेश की तरफ से अवैध खनन किए जाने की सूचना विभाग को मिली है।

# अवैध कच्ची शराब पकड़ी,एक गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।अवैध नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से मोहनलालगंज पुलिस ने सोमवार को इन्द्रजीतखेड़ा गांव में छापेमारी कर एक युवक को कच्ची देशी शराब बताते हुये पकड़ा ।पुलिस ने मौके से तैयार 20ली०अवैध देशी कच्ची शराब समेत उपकरण व डेढ कुन्तल लहन भी मौके से बरामद किया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पुछताछ में युवक ने अपना नाम इंदल निवासी इन्द्रजीतखेड़ा थाना मोहनलालगंज बताया ओर काफी समय से यूरिया मिश्रित कच्ची शराब बनाकर बेचने की बात कही ।पुलिस ने आरोपी पर आबकारी अधिनियम समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## संक्षेप

### सहकार भारती उत्तर प्रदेश का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर किया गया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के गांव खैरुद्दीनपुर निवासी कैलाश नाथ निषाद को सहकार भारती उत्तर प्रदेश का प्रदेश मंत्री बनाए जाने के बाद प्रथम बार बांगरमऊ पहुंचने पर दर्जनों लोगो द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बांगरमऊ के गांव खैरुद्दीनपुर निवासी कैलाश नाथ निषाद समाज सेवा के रूप में प्रदेश स्तर पर कई सामाजिक संगठनों में अग्रणी रूप से कार्य करते चले आ रहे जिससे प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर अपनी पहचान बना चुके है उनकी समाजसेवा के चलते सहकार भारती उत्तर प्रदेश के पांचवे अधिवेशन में अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,प्रदेश महामंत्री अरविंद दिवेदी,संगठन प्रमुख कर्मवीर सिंह ने उन्हें उत्तर प्रदेश सहकार भारती का प्रदेश महामंत्री का दायित्व दिया गया जिसके बाद सोमवार को वह बांगरमऊ नगर पहुंचे तो हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित आदर्श अस्पताल परिसर में पंकज श्रीवास्तव,सोनेलाल निषाद,विनोद कुमार,रामकृष्ण मिश्रा आदि सहित दर्जनों लोगो ने एक साथ उनका मुंह मीठा कराकर व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया ।इस मौके पर उन्होंने सहकार भारती के माध्यम से आमजन को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी तथा बांगरमऊ क्षेत्र में लाभकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील करते हुए सहयोग की बात कही।

### युवती का आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल करने वाला आरोपी चढा पुलिस के हत्थे

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।एक गांव के विशेष समुदाय के युवक के साथ युवती का आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल का संज्ञान लेते हुए मोहान चौकी इंचार्ज की तहरीर पर आईटी एक्ट छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया ।कोतवाली क्षेत्र के नेवलगंज गांव निवासी आदिल ने बीते सप्ताह गांव की एक युवती का फोटो कंप्यूटर से एडिट करके चेहरा सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसका संज्ञान लेते हुए नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने एसपी दीपक भूकर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर मोहान चौकी इंचार्ज अनिल साहू की तहरीर पर आदिल पुत्र फारूक पर आईटीएक्ट, छेड़छाड़ व जबरन निर्वस्त्र करने सहित दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर रविवार देर रात आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेजा दिया गया है।

## ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस ए मोहम्मदी बड़ी धूमधाम व बड़े अदबो एहतराम के साथ निकाला गया

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स०अलै० के जन्मदिन ?ईद मिलादुन्नबी? के अवसर पर आज जुलूस ए मोहम्मदी बड़ी धूमधाम व बड़े अदबो एहतराम के साथ नगर सहित तहसील क्षेत्र में निकाला गया। जो पूरे नगर का गस्त करते हुए देर शाम को समाप्त हुआ। ईदगाह के पेश इमाम व शहर काजी तथा जुलूस ए मोहम्मदी के सरपरस्त सैय्यद जियाउल आरफीन व सदर सैय्यद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां की अगुवाई में सुबह करीब 9:00 बजे से नानामऊ तिराहा आलिम शाह मस्जिद के पास से जुलूस ए मोहम्मदी की शुरूआत हुई।जो लखनऊ रोड चौराहा से होते हुए मोहल्ला मुकरियाना से होकर मोहल्ला गुलाम मुस्तफा व कस्बा टोला होते हुए मोहल्ला दरगाह शरीफ पहुंचा। जहां दरगाह हजरत सैयद मीर अलाउद्दीन शाह रह० अलै० के यहां कुल शरीफ में काभी लोगों ने शिरकत की। उसके बाद मोहल्ला मेमारन टोला से होते हुए बिल्हौर मार्ग से होकर शाम करीब 6 बजे जुलूस वापस आलिम शाह मस्जिद पहुंचा, जहां सलातो सलाम व दुआ के बाद इसका समापन हो गया। जुलूस ए मोहम्मदी निर्धारित रास्तों से होता हुआ दरूदों सलाम, नात शरीफ पढ़ते हुए आगे बढ़ता गया। जुलूस पर रास्ते में कई जगह लोगों ने फूल बरसाए। इसके साथ ही लोगों ने जगह-जगह जुलूस निकलने वाले रास्ते पर स्टाल लगाकर चाय, कॉफी, शरबत, फल, मिठाईयां आदि भी खूब बांटीं। जुलूस में पैगंबरे इस्लाम की शान में पत्तीपत्ती फूल फूल- या रसूल या रसूल, व सरकार की आमद -मरहबा जैसे नारे गूंज उठे। नगर पालिका परिषद की ओर से नगर में विशेष साफ सफाई व्यवस्था की गई थी। तथा चूना आदि का छिड़काव भी कराया गया था। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा जगह-जगह भारी पुलिस फोर्स भी लगाया गया था। एस पी दीपक भूकर ने उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह व सीओ बांगरमऊ के साथ नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से भेंट कर त्यौहार की शुभकामनाएं दी गईं तथा ड्यूटी पर तैनात संबन्धित पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।इस मौके पर मौलाना अब्दुल मुबीन, मौलाना जीशान, हाफिज व कारी सरताज, हाफिज दिलशाद, हाफिज सज्जाद बरकाती, हाफिज युसुफ मलिक, हाफिज अल्ताफ वास्ती, मौलाना रिजवान, पूर्व विधायक बदलू खां, पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू, डॉक्टर मुन्ना अल्वी, याकूब अली सिद्दीकी, समाजसेवी फजलुर्रहमान, जुबैर खान, मुफीस अहमद, हाजी इलियास, शहंशाह अहमद खां, हबीबुलरहमान बाबूजी, मुकीम अहमद, डॉक्टर इरफान,जुबैर खां, मुहीब खां, मोहम्मद मोइन अंसारी, व सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डोर्न को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। ड्रोन को लेकर तरह-तरह की अफवाह ना फैलाएं अपर पुलिस अधीक्षक ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

गांव में रात को उड़ रहे ड्रोन को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं ।कोई इन्हे हाईटेक चोर कह रहा तो कोई ड्रोन से रेकी कर चोरी करने की बात करता है। जिसको लेकर एएसपी व एसडीएम, सीओ, ने ग्रामीणों की चौपाल लगाकर बताया कि यह ड्रोन सुरक्षा अनुसंधान द्वारा उड़ाए जा रहे हैं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के तीन गांव रानीखेड़ा, कुरौली, न्योतनी कस्बा में मंगलवार एएसपी प्रेमचंद , एसडीएम रामदेव निषाद, व सीओ संतोष सिंह, कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने पहुंच कर ग्रामीणों की बीच में चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि गांव में उड़ रहे ड्रोन को लेकर कोई भी फर्जी अफवाह न फैलाएं लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी स्टेशन के पास सुरक्षा अनुसंधान द्वारा डिफेंस कॉरिडोर बनाया गया है। जिनके द्वारा कभी-कभी यह ड्रोन उड़ाए जाते हैं। यदि कोई भी ग्रामीण इन्हें हाईटेक चोर कहकर अफवाह फैलता है तो उसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए। यदि कोई संदिग्ध हालात में दिखता है तो मार पीट न करके पुलिस को सूचना दे । कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने हर गावों में बनी सुरक्षा समित को जागरूक किया। एएसपी प्रेमचंद, सीओ ने बताया कि अफवाह फैलाने वाले को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

## स्थापित गजानन की मूर्ति का श्रद्धालुओं ने किया विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव।7 सितंबर से नगर में शुरू हुए गणेश महोत्सव की धूम लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से गजानन महाराज को विदाई देने के लिये लिये लोग स्थापित गजानन की प्रतिमाएं लेकर विसर्जन स्थल पहुंचे। जिसमें महिलाएं, बच्चे और पुरूष गाजे-बाजे के बीच अबीर-गुलाल उड़ाते हुए निकले। गणपति बप्पा की



जय-जयकार के नारों से आकाश गूंज उठा। वहीं युवक, युवतियां, बच्चे, महिला पुरूष थिरकते हुये गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारें लगाते रहे। पोनी रोड के गणेश प्रतिमा का विसर्जन लोग ढोल-ताशे के बीच करते हुए निकले। बैराज मार्ग फत्ते खेड़ा झील के पास विसर्जन स्थल पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। जहां गोताखोरों की मदद से मूर्ति का विसर्जन किया गया। वहीं गणेश पंडालों में हो रही महाआरती के दौरान वहां का नजारा विहंगम हो जाता है। शंख, घंटा घड़ियालों की गूंज से पंडाल गुंजायमान हो जाते हैं। इसके साथ ही पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

## चेतावनी बिंदु112 मीटर पार कर गया गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हाल ही में हो रही भारी बारिश और पश्चिमी बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण उन्नाव जिले में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शुक्लागंज में गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु 112 मीटर को पार कर गया, और अब यह 113 मीटर की ओर बढ़ने लगा है। इस स्थिति ने इलाके में गंभीर बाढ़ की समस्या उत्पन्न कर दी है ।जलस्तर में हो रही वृद्धि का प्रभाव इलाके के कई हिस्सों में देखा जा रहा है। गंगा के जलस्तर के खतरे के निशान को पार करने के बाद, पश्चिम के कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, सैय्यद कंपाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा और गगनी खेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी तेजी से फैल गया है। परिणामस्वरूप, सैकड़ों घरों के आसपास और उनके अंदर बाढ़ का पानी घुस गया है ।किन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार शाम सात बजे गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु 112 मीटर को पार कर गया था। इसके बाद रविवार शाम छह बजे जलस्तर 112.070 मीटर मापा गया। सोमवार को भी जलस्तर में इस लगातार वृद्धि ने स्थानीय लोगों के जीवन को प्रभावित किया है ।घरों के आस-पास और अंदर पानी भरने के कारण कई परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने अपनी सम्पत्ति को बचाने के लिए जरूरी सामान को दूसरी मंजिलों या छतों पर रख दिया है। बाढ़ की स्थिति के कारण कुछ परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं ।स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि बाढ़ पर लगातार नजर रखी जा रही है। पश्चिमी क्षेत्रों में हालात को देखते हुए छह नावें लगाई गई हैं, जो राहत कार्य में उपयोग की जा रही हैं। यदि जलस्तर और बढ़ता है, तो अतिरिक्त नावें भी लगाई जाएंगी। राहत और बचाव कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ अन्य विभाग भी सक्रिय हैं। इसके अलावा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न संगठनों और सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं ।राहत कार्यों में शामिल टीमों को अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो सकती है, जिससे प्रभावित लोगों की स्थिति में सुधार हो सके। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। साथ ही, जिन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति अधिक गंभीर है, वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की सलाह दी गई है ।वर्तमान में जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है और स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और राहत दल पूरी तरह से समर्पित हैं ताकि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और बाढ़ के प्रभाव को कम किया जा सके।

## शोभायात्रा के साथ-साथ गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर व क्षेत्र में चल रहे गणेशोत्सव में गणपति बप्पा को विदाई देने का सिलसिला हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। नगर फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला नेहरू नगर में पिछले दस दिन से गणेश प्रतिमा स्थापित करके पूजन अर्चन भजन कीर्तन किया जा रहा था। सोमवार को गणेश प्रतिमा के विसर्जन पर गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई और गंगा जी ले जाकर गणपति बप्पा को भाव भीनी विदाई अगले बरस फिर आना के साथ दी गई। ट्रैक्टर ई रिक्शा आदि दर्जनों वाहनों के साथ नाचते गाते गणेश जी भक्त गणेश प्रतिमा को सजाकर ले गए और भक्तिभाव से विसर्जन किया। इस अवसर पर आयोजक अवधेश शुक्ला, आचार्य ज्ञान प्रकाश शुक्ला, गुंजन, विनीत, नीरू शुक्ला आदित्य पाण्डेय आदि शोभायात्रा का संचालन करते हुए सैकड़ों भक्तो के साथ रहे।

## विद्युत आपूर्ति ठप अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।हिलौली विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाजखेड़ा मजरे करदहा में पिछले 10 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। इस इलाके में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार क्षेत्रीय लाइनमैन और जेई से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, बीते 10 दिनों से ट्रांसफार्मर जलने की समस्या को लेकर उन्होंने कई बार क्षेत्रीय अधिकारियों को सूचित किया। शिकायतें करने के बावजूद, विभागीय अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया। यहां तक कि जब ग्रामीणों ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के कॉल फ्री नंबर पर भी शिकायत की, तो अधिकारियों ने समस्या को ?नॉर्मल? करार देते हुए इसे ठीक करने का आश्वासन नहीं दिया ।ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले दस दिनों से बिना बिजली के जीवन जीने को मजबूर हैं। इस दौरान गर्मी, अंधेरा और बिजली के अभाव ने उनकी दिनचर्या को प्रभावित किया है। ग्रामीणों के अनुसार, बिजली की अनुपस्थिति ने न केवल उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को कठिन बना दिया है, बल्कि उनके बच्चों की पढ़ाई और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को भी प्रभावित किया है ।ग्रामीण सुनील, अनिल, मुरली, मनोज, शिव प्रसाद, राजेश ने आरोप लगाया कि जब भी उन्होंने इस समस्या की शिकायत की, अधिकारियों ने केवल आश्वासन ही दिया और वास्तविक समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्रीय अधिकारियों ने कभी भी मौके पर आकर स्थिति का वास्तविक निरीक्षण नहीं किया। इसके परिणामस्वरूप, समस्या का समाधान नहीं हो सका और ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ती गईं ।स्थानीय लोगों का कहना है कि वे अब निराश और हताश हो गए हैं। उनकी उम्मीदें अब प्रदेश सरकार और उच्च अधिकारियों पर टिकी हुई हैं कि वे इस समस्या को गंभीरता से लें और त्वरित कार्रवाई करें। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि जले हुए ट्रांसफार्मर को जल्दी से बदला जाए और बिजली की आपूर्ति को बहाल किया जाए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके ।इस बीच बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों पर ध्यान देने का आश्वासन दिया है और समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि अब तक किए गए आश्वासन केवल शब्दों तक सीमित रहे हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गांव में बिजली संकट की इस स्थिति ने स्थानीय प्रशासन की कार्यक्षमता पर सवाल खड़ा किया है। ग्रामीणों की यह स्थिति प्रदेश सरकार और संबंधित विभागों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करती है कि वे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें और सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों।

## जुलूस निकाल कर किया कस्बे का भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। इस्लाम धर्म के नबी मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर कस्बे सहित क्षेत्र में मस्जिदों, चौराहों, सड़को पर सजावट कर जगह-जगह मीलादुन्नबी का आयोजन किया गया जिसमे मोहम्मद साहब के बताए रास्तो का जिक्र कर उन पर अमल करने की हिदायत दी गई । सुबह मौलवी फजल अजीम के इमामबाड़े से उठाए गए जुलूस ए मोहम्मदी में अलग अलग अंजुमनों ने नात शरीफ पढ़ी । चांद रात के मौके पर कस्बे के अलावा उनवा, पीखी, जमालनगर, में जश्न ए मोहम्मद मनाते हुए मस्जिदों , चौराहो, सड़को को सजाया गया जगह जगह झांकिया भी सजाई गई ।रात भर जियारत व इबादत का दौर चला जगह-जगह मुलादुन्नबी का आयोजन कर मोहम्मद साहब के जीवन पर रोशनी डाल कर उनके बताए रास्तो पर चलने की बात कही गई ।सोमवार सुबह सफीपुर कस्बे के मोहल्ला कजियाना स्थित मौलवी साहब के इमामबाड़े में मिलाद आयोजित होने के बाद जुलूस उठाया गया जो मोहल्ला किलाबाजार, पडरिया, मियाबाजार, पीरजादगान, सय्यदावाड़ा, राहतगंज बाजार होता हुआ वापस इमामबाड़े पहुचा जुलूस में अलग -अलग अंजुमनों ने नात शरीफ पढ़ी व जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया । इस मौके पर समदी फारूकी, अफजाल फारूकी ,मौलाना इफ्तिखार हुसैन , आफताब हैदर , नसीम अहमद , राशिद अली, फाएक अहमद, शारिक सफवी , कुमैल नकवी , मौजूद रहे ।

**जुलूस ए मोहम्मदी में जगह जगह खाने पीने व शरबत के स्टाल लगाए गए । मोहल्ला सय्यदवाड़ा में अंजुमन इमामिया की ओर से वकार अहमद की कयादत में जुलूस में शामिल व जियारत करने आए लोगो को शरबत व पानी पिलाया गया इसी तरह अन्य स्थानों पर भी खाने पीने के पैकेट वितरित कुए गए।**

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सैकड़ों ग्रामीणों को दिलाई भाजपा की सदस्यता





अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विधान सभा क्षेत्र के एक गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सदस्यता अभियान के तहत सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई काफी संख्या में ग्रामीण इस हिस्से के भागीदार बनें विधानसभा 166 भगवंतनगर के मण्डल धनुहीखेड़ा के ग्राम पंचायत बैगुलालखेड़ा (मधवापुर), परौरी चंद्रिकाबक्श में जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सदस्यता अभियान के तौर पर सैकड़ो लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई एवं लोगों को इस सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया वही जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि ये अभियान आगे भी चलता रहेगा जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण सदस्यता अभियान से जुड़ जाए।

## गुगल मीट के माध्यम से डीएम ने की जमाकर्ताओं से बातचीत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।पिछले चार महीनों से चर्चा में रहे मनी ट्रेडिंग घोटाले में प्रशासन ने अब ठोस कदम उठाने की योजना बनाई है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गूगल मीट के माध्यम से जमाकताओं से बातचीत की।इस मीटिंग में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राय और सीओ बांगरमऊ अरविंद कुमार चौरसिया भी मौजूद रहे ।मनी ट्रेडिंग का मामला उन्नाव के कस्बे गंजमुरादाबाद मोहल्ला तालाब के अयाजुद्दीन, अनवारुद्दीन, काशान और अरबाज से जुड़ा है। इन व्यक्तियों ने हरदोई-उन्नाव मार्ग पर अरबाज इंटरप्राइजेज नामक मनी ट्रेडिंग कंपनी खोली थी और जमाकताओं को 15 प्रतिशत ब्याज की दर पर पैसे लौटाने का आश्वासन दिया था। इसके तहत सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये जमा किए गए ।जब जमाकर्ता अपना पैसा वापस मांगने आए, तो उन्हें झूठी कहानियों का सामना करना पड़ा। 26 अप्रैल को अनवारुद्दीन ने अपने कंधे पर गोली मारने का झूठा मामला गढ़ा और 90 लाख रुपये की नकदी और 10 लाख रुपये के जेवर की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई ।पुलिस ने हाल ही में छापेमारी के दौरान अवैध हथियार बरामद किए और तीन लोगों को हल्की धाराओं में जेल भेजा। इसके बाद, सात पीड़ितों ने ज्यादा ब्याज के झांसे में आकर लाखों रुपये की रकम हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अयाजुद्दीन और उसके भाई अनवारुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है ।डीएम गौरांग राठी ने ऑनलाइन मीटिंग में पीड़ितों की समस्याओं को सुना और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आश्वस्त किया कि आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाया जाएगा और उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मामले में पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं ।डीएम की सक्रि यता और आश्वासन ने पीड़ितों के बीच आशा का संचार किया है। प्रशासन इस मामले की गहराई से जांच कर रहा है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संजीदा प्रयास कर रहा है। मामले की आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें प्रशासन की ओर लगी हैं, और उम्मीद है कि जल्द ही दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी और पीड़ितों को उनके हक की राशि वापस मिलेगी।

## दिन दहाड़े युवक की चोरों ने पार कर दी बाइक

बीघापुर, उन्नाव। चोरियों का सिलसिला जारी है पुलिस चोरियों पर अंकुश लगाने में नाकाब हो रही है जिससे क्षेत्र में दिन में चोरी होने से लोगों में दहशत का माहौल फैल गया है कोतवाली बीघापुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 संदोही नगर कस्बा बीघापुर निवासी राम गोपाल पुत्र बिंदा प्रसाद मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस से वार्ड नंबर 10 शांति नगर कस्बा बीघापुर में स्थित आजाद खाद भंडार में खाद लेने के लिए आया जैसे ही मोटरसाइकिल खड़ा करके खाद लेने के लिए अंदर गया खाद लेने के बाद बाहर देखा मोटरसाइकिल नहीं थी कई दिनों से लगातार पता लगा रहा था पता नहीं लगने पर कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया लगातार चोरी का सिलसिला जारी होने से पुलिस के द्वारा चोरी पर अंकुश ना लगा पाने पर क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

## राम लीला समिति की बैठक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होने वाली रामलीला की तैयारीयां जोरों पर है। तैयारियों को लेकर श्री सार्वजनिक रामलीला समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई तथा पात्रों का रिहर्सल प्रारंभ हुआ ।कस्बा ऊगू में श्री सार्वजनिक रामलीला की दूसरी बैठक पूर्व नगर अध्यक्ष के आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे तथा रामलीला मंचन के पात्रों की उपस्थिति रही ।कस्बे की रामलीला नगर के ही कुशल कलाकारों के द्वारा लगभग डेढ़ सौ वर्षों से मंचित की जा रही है। जो सात अक्टूबर से प्रारंभ होकर सत्रह अक्टूबर चलेगी। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष राहुल पटेल महामंत्री अवधेश दीक्षित पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी प्रकाश चंद्र दीक्षित सूर्यप्रकाश पांडेय सुनील शास्त्री रामू आचार्य रमाशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे

## विद्युत संविदा लाइन मैन को युवक ने पीटा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र गांव बेहटा निवासी सोनेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बिजली विभाग में वह संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात है ।जहाँ सोमवार को गांव की लाइन में फाल्ट आ गया था ।जिस पर वह फाल्ट ठीक करने पहुँचा जहाँ गांव के ही एक व्यक्ति के दरवाजे लगा बबूल का पेड़ तारों में लग रहा था ।जिसको काटने लगा तो उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज करने लगा ।विरोध करने पर मारापीटा और लाइन का केबल भी काट डाला है। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआं) की हुसैनी मस्जिद में रविवार की रात में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस दौरान नाते पाक के दौर के बाद नबी की शान में तकरीर भी हुई। प्रोग्राम की शुरूआत कुरआने पाक की तिलावत से हुई फिर नाते पाक पढ़ने का दौर चला उसके बाद हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना, हाफिज व कारी मोईनुद्दीन कादरी ने तकरीर करते हुए कहा कि हम सभी को नबी के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। जब तक हम नबी और अल्लाह से बेपनाह मोहब्बत नहीं करेंगे तब तक हम कामयाब नहीं हो सकते। हमें अपने बच्चों को हर हालत में अच्छी तालीम दिलानी चाहिए। बच्चों को अच्छी तालीम दिलाना और उनकी अच्छी परवरिश करना हर मां-बाप का फर्ज है। उन्होंने नबी की शान बयान करते हुए कहा कि नबी न होते तो कुछ भी न होता। बिना नबी के हम खुदा तक कभी नहीं पहुंच सकते। आज उनकी पैदाइश की रात है यह रात बहुत रहमतों, बरकतों व अजमतों वाली रात है। इस रात में हमें खूब इबादत करनी चाहिए अल्लाह और उसके रसूल का खूब जिक्र करना चाहिए। इस मौके पर हबीबुलरहमान बाबूजी, आशिक अली, शब्बीर बाबू, इसाक, फजलुर्रहमान, जान मोहम्मद, नबीदाद खां, मो कय्यूम, दिलशाद, पीर गुलाम, मोहम्मद इशाक, आजम अली, मोहम्मद दीन खां, जियाउर्रहमान बब्लू, अजीजुर्रहमान आदिल, सहित काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## भगवान विश्वकर्मा जयंती पर होगा नगर में विशाल जवाबी कीर्तन

अमन लेखनी समाचार


बांगरमऊ, उन्नाव। भगवान श्री विश्वकर्मा जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला न्यू कटरा माढ़ापुर मार्ग स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में कल आज मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा ।कार्यक्रम प्रातः 9 बजे पूजन अर्चन और हवन संपन्न कराया जाएगा। तत्पश्चात सायं तक प्रसाद वितरण जारी रहेगा। सायं 8 बजे से विशाल जवाबी कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। जिसमें कानपुर की विख्यात कीर्तन मंडली पप्पू परवाना और उन्नाव के कीर्तनकार अवधेश अचल के मध्य संपूर्ण रात्रि पुरातन वाद्ययंत्रों के सुर संगम के साथ जवाबी कीर्तन होगा। इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से जिले के सांसद साक्षी महराज , क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार तथा बांगरमऊ चेयरमैन रामजी गुप्ता शामिल होंगे।

## सम्पादकीय

### पिंजरे में बंद तोता कहा जाना सीबीआई के लिए 'गंभीर बात'

सीबीआई एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 11 वर्ष बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पिंजरे के तोते की छवि से बाहर निकलने की नसीहत दी है। आबकारी नीति घोटाले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत मांग वाले केस की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि, 'स्वायत्त जांच एजेंसी के लिए यह ''आवश्यक'' है कि उसे ''पिंजरे में बंद तोता'' की धारणा से बाहर निकलना चाहिए।' न्यायमूर्ति आर.एम. लोढ़ा (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने मई 2013 में कोयला घोटाला मामले की सुनवाई करते हुए सीबीआई को ''मालिक की आवाज में बोलने वाला पिंजरे में बंद तोता'' करार दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले मामले में सीबीआई जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट में सरकार के हस्तक्षेप पर कड़ी नाराजगी जताई थी। हाल में जांच एजेंसियां ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) व सीबीआई पर सरकार के इशारे पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने के आरोप लगे हैं। विपक्ष की ओर से ये आरोप लगे हैं कि सीबीआई व ईडी ने गैर-भाजपा सरकार को परेशान करने के मकसद से जांच का जाल बिछाया है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन केस, पश्चिम बंगाल में ईडी जांच, दिल्ली में आबकारी नीति घोटाले की जांच, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल से जुड़े महादेव मामले की जांच समेत लंबी फेहरिस्त है, जिसमें जांच एजेंसियों पर पक्षपात का आरोप लगा है। उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी और कहा कि लंबे समय तक जेल में रखना स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित करने के समान है। दो जजों की बेच में से जस्टिस उज्जवल भुइयां ने कहा, सीबीआई की गिरफ्तारी जवाब से ज्यादा सवाल खड़े करती है। जैसे ही ईडी केस में उन्हें (सीएम अरविंद केजरीवाल) जमानत मिलती है, सीबीआई एक्टिव हो जाती है। ऐसे में अरेस्टिंग के समय पर सवाल खड़े होते हैं। सीबीआई को निष्पक्ष दिखना चाहिए और उसे गिरफ्तारी की ताकत का इस्तेमाल बहुत सोच समझकर करना चाहिए। हालांकि दूसरे जज जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'अगर कोई व्यक्ति पहले से हिरासत में है तो जांच के सिलसिले में उसे दोबारा अरेस्ट करना गलत नहीं है। सीबीआई ने बताया है कि उनकी जांच क्यों जरूरी थी? याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। सीबाआई ने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। उन्हें जांच की जरूरत थी। इसलिए इस केस में अरेस्टिंग हुई'। यह सवाल जरूर है कि ईडी से जमानत मिलने के समय ही सीबीआई एक्टिव क्यों हुई? सीबीआई एक स्वतंत्र जांच एजेंसी है, उसे ऐसा ही व्यवहार करना चाहिए। उसे न केवल पारदर्शी होना चाहिए, बल्कि व्यवहार में दिखना चाहिए। कानून का शासन हमारे संवैधानिक गणराज्य की एक बुनियादी विशेषता है, जो यह अनिवार्य बनाता है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए। निष्पक्ष जांच भारत के संविधान के अनुच्छेद 20 और 21 के तहत आरोपी व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। सीबीआई को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत जांच करने का अधिकार है। निश्चित रूप से सीबीआई के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन साख सुधारना भी उसकी ही जिम्मेदारी है। सीबीआई को सरकार के दबाव में काम करना चाहिए और न ही राजनीतिक दबाव में आना चाहिए।

# राजनीतिक लाभ के लिए संकट को निमंत्रण, मुफ्त रेवड़ियों पर भारत को रहना होगा अलर्ट



वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी लोकलुभावनवाद का प्रचलन खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। वोट हासिल करने के लिए मुफ्त बिजली, कर्ज माफी, पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने जैसी पेशकश करने का चलन देश के राजनीतिक दलों में तेजी से आम होता जा रहा है। हालांकि ऐसे उपाय उदार लग सकते हैं, लेकिन वे चुनाव जीतने के लिए राज्यों के भविष्य को गिरवी रख रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक और कई शोध संगठनों ने चौंका देने वाले आंकड़े दिए हैं कि ये तथाकथित कल्याणकारी उपाय राजकोषीय जहर हैं, जो आने वाले समय में देश की आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। इसे पंजाब और हिमाचल प्रदेश के उदाहरणों से अच्छे से समझा जा सकता है। वित्त वर्ष 23-24 के लिए भारतीय राज्यों के लिए औसत ऋण और जीएसडीपी अनुपात लगभग 31 प्रतिशत रहा, जबकि पंजाब का यह अनुपात 50 प्रतिशत के करीब है, जो मुख्य रूप से मुफ्त बिजली और कर्ज माफी के कारण है। पंजाब मौजूदा कर्जों पर ब्याज भुगतान को कवर करने के लिए और उधार लेने के लिए मजबूर है। वित्त वर्ष 2024-25 में पंजाब की ओर से ब्याज में 23,900 करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने का अनुमान है, जो इसकी राजस्व प्राप्तियों का 23 प्रतिशत है। 2023-24 के संशोधित अनुमान के अनुसार पंजाब का कुल पूंजीगत परिव्यय बजट में निर्धारित 10,355 करोड़ से 38 प्रतिशत कम होने का अनुमान है। इससे यह चिंता होती है कि बजट का कितना हिस्सा परिसंपत्ति निर्माण (एसेट क्रिएशन) की ओर निर्देशित किया जा रहा है। पंजाब ने 2024-25 में बिजली सब्सिडी पर 20,200 करोड़ रुपये खर्च करना तय किया है। यह पिछले दो वर्षों में आवंटित की गई राशि के बराबर है। अकेले इस सब्सिडी से वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य की राजस्व प्राप्तियों का 19 प्रतिशत हिस्सा खर्च होने की उम्मीद है। यह बढ़ते असंतुलन को उजागर करता है, जहां राजस्व व्यय तो लगातार बढ़ता है, लेकिन पूंजी निवेश अपर्याप्त रहता है। हिमाचल की वित्तीय स्थिति राजकोषीय कुप्रबंधन का एक और उदाहरण है। जबसे यहां कांग्रेस ने अपनी सरकार बनाई है, तबसे हिमाचल लगातार बढ़ती हुई वित्तीय देनदारियों से जूझ रहा है, जिसका बकाया ऋण वित्त वर्ष 21-22 में जीएसडीपी के 37 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 24-25 में 42.5 प्रतिशत हो गया है। यह भी अस्थिर राजकोषीय प्रथा को दशार्ता है। सरकार द्वारा कर्मचारियों के वेतन में की गई देरी इसी वित्तीय तनाव को उजागर करती है। हाल में अतिरिक्त राजस्व एकत्र करने के लिए हिमाचल सरकार ने दूध उत्पादकों को समर्थन देने के लिए बिजली की खपत पर 0.1 प्रति यूनिट का दूध उपकर और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए 0.1 प्रति यूनिट का अतिरिक्त उपकर लगाने का भी निर्णय किया। इतना ही नहीं अतिरिक्त राजस्व के लिए हिमाचल ने वैज्ञानिक, औद्योगिक और औषधीय उपयोग के लिए भांग की खेती को भी वैध कर दिया। ये सभी कदम राज्य में भयंकर वित्तीय कठिनाइयों को दर्शा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सरकार का खर्च 52,965 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और राज्य को 5,479 करोड़ का कर्ज चुकाना है। हालात यह है कि ब्याज भुगतान में वृद्धि की भरपाई पूंजीगत खर्चों में कमी से की जा रही है। इस राजकोषीय दबाव के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न क्षेत्रों में बजट में कटौती की गई है। शहरी विकास पर खर्च में 32 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि सामाजिक कल्याण, कृषि और जल आपूर्ति के लिए आवंटन में क्रमशः 15, 9 और 13 प्रतिशत की कमी की गई है। बढ़ते घाटे के साथ हिमाचल को वित्तीय अस्थिरता के बढ़ते जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। दोनों राज्यों में, दीर्घकालिक जरूरतों की उपेक्षा करते हुए, पर्याप्त धनराशि अल्पकालिक राजनीतिक वादों की पूर्ति में खपा दी गई है। ध्यान राजकोषीय स्वास्थ्य को मजबूत करने पर दिया जाना चाहिए। अर्जेंटीना और वेनेजुएला का वित्तीय पतन उन भारतीय राज्यों के लिए सख्त चेतावनी है, जो रेवड़ियों का सहारा ले रहे हैं। कभी समृद्ध रहा अर्जेंटीना अत्यधिक खर्च और लोकलुभावन नीतियों के कारण ढह गया, जबकि वेनेजुएला ने अल्पकालिक लाभ के लिए अपनी तेल संपदा को बर्बाद कर दिया। दोनों देश राजकोषीय कुप्रबंधन के कारण अत्यधिक मुद्रास्फीति, गरीबी और राजनीतिक अस्थिरता में फंस गए। यदि भारतीय राज्य इसी राह पर चलते रहे तो वे इन देशों की तरह दुःखद आर्थिक इतिहास दोहराने का जोखिम उठाएंगे। इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं, जैसे अनियंत्रित मुद्रास्फीति और गरीबी में वृद्धि। भारतीय राजनीति में मुफ्त सुविधाओं का दुरुपयोग सिर्फ एक आर्थिक मुद्दा नहीं है। यह लोकतांत्रिक शासन की नींव को भी खतरे में डालता है। अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए राज्य वित्तीय संकट के जोखिम को निमंत्रण दे रहे हैं। इस तरह के वित्तीय कुप्रबंधन से निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है, उधार लेने की लागत बढ़ सकती है और देश की आर्थिक प्रगति धीमी हो सकती है। अंततः इन नीतियों का बोझ नागरिकों पर ही पड़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से धन को गैर-संवहनीय योजनाओं के वित्तपोषण में आवंटन से राज्य ऐसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में असमर्थ हो जाते हैं, जो लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकती हैं। मुफ्त बिजली जैसी महंगी छूट जारी रखने के बजाय राज्यों को दीर्घकालिक समाधानों में निवेश करना चाहिए, जैसे सौर पैनल लगाना, महिलाओं के लिए कार्यस्थल में सुधार करना या कृषि अनुसंधान एवं विकास को वित्तपोषित करना। ये निर्भरता को कम करते हैं और विकास को बढ़ावा देते हैं। अब समय आ गया है कि हम राजकोषीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देना शुरू करें। राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहार के वादों के साथ उनके वित्तीय प्रभाव के बारे में भी लोगों को बताना होगा। इसे कानूनी रूप से बाध्यकारी करना चाहिए, ताकि दीर्घकालीन कल्याणकारी योजनाओं के लिए स्थायी वित्तपोषण सुनिश्चित किया जा सके। हमें जिम्मेदार नागरिकों के रूप में अपने राजनीतिक दलों से इस संदर्भ में जवाबदेही की भी मांग करनी होगी, अन्यथा अल्पकालिक राजनीतिक लाभ भारत और भारतीय राज्यों की दीर्घकालिक समृद्धि को पंगु बना देंगे और भविष्य की पीढ़ियों को आज की राजकोषीय लापरवाही का बोझ उठाना पड़ेगा।

## अमेरिका में कांटे की टक्कर, कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप में कौन जीतेगा चुनाव



अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए चुनावों में उम्मीदवारों के बीच लगभग 65 वर्षों से होती आ रही टीवी बहसों में पिछले मंगलवार को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बहस शायद सबसे महत्वपूर्ण थी। इससे पिछली बहस में कमजोर पड़ने के कारण राष्ट्रपति बाइडन को चुनावी दौड़ से हटना पड़ा था। चुनावी बहसों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था। इस बार की बहस अमेरिका के इतिहास में पहली बार उम्मीदवार चुनी गईं भारत और अफ्रीकावंशी महिला और पूर्व राष्ट्रपति के बीच हो रही थी, जिससे अमेरिका के लोकतंत्र और विदेश नीति की दिशा तय होने वाली थी। आमराय यह है कि बहस में कमला हैरिस विजयी रहीं, क्योंकि बहस के तुरंत बाद के एक सर्वेक्षण में लगभग दो तिहाई दर्शकों ने कमला हैरिस के प्रदर्शन को बेहतर बताया। अमेरिकी चुनाव पर सट्टा लगाने वाले पालीमार्केट सट्टा बाजार में भी कमला हैरिस की जीत के भाव में तीन अंकों की तेजी दर्ज हुई। अपने प्रदर्शन से उत्साहित कमला हैरिस ने ट्रंप को एक और टीवी बहस की चुनौती दे डाली। ट्रंप ने उसका सीधा जवाब न देते हुए बहस संचालकों की तटस्थता पर सवाल उठाए, जो इसका संकेत है कि स्वयं वह भी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं, परंतु अहं के चलते ट्रंप अपने चिरपरिचित अंदाज में अपनी ही जीत के दावे करते फिर रहे हैं। विडंबना यह रही कि बहस देश और विदेश की नीतियों पर केंद्रित न रहकर निजी छींटाकशी, व्यक्तिगत हमलों और मिथ्या प्रचार में बदल गई। बहस की शुरूआत कमला हैरिस ने मंच पर डोनाल्ड ट्रंप के पास जाकर उनसे हाथ मिलाकर की। पहला सवाल अर्थव्यवस्था और महंगाई पर था। कमला हैरिस से पूछा गया कि पिछले चार वर्षों के बाइडन-हैरिस शासन में अमेरिका के आम नागरिक की जिंदगी बेहतर हुई है या खराब? इसका जवाब देते समय वह थोड़ा लड़खड़ाईं। परिवारों और छोटे कारोबारों के लिए टैक्स राहत की भावी योजनाएं गिनाते हुए वह बात पलट गईं और राष्ट्रपति ट्रंप की अमीरों को टैक्स राहत देने और 20 प्रतिशत बिक्री कर लगाकर आम लोगों की जिंदगी दूभर बनाने वाली नीतियों की आलोचना करने लगीं। आलोचना के जवाब में ट्रंप ने कमला हैरिस के कार्यकाल में महंगाई और अवैध आप्रवासन के अतिरंजनापूर्ण दावे किए, जिसके बाद छींटाकशी, व्यक्तिगत हमलों और मिथ्या दावों का दौर शुरू हुआ और बहस का स्तर गिरता चला गया। ट्रंप ने हैरिस को मार्क्सवादी, चरमपंथी और मिथ्यावादी बताया और कहा कि हंगरी के राष्ट्रपति विक्टर ओर्बान जैसे दबंग नेता और पुतिन, चीन और उत्तरी कोरिया जैसे देश भी उनका लोहा मानते हैं। कमला हैरिस ने ट्रंप पर चल रहे केस गिनाते हुए उन्हें दंगे उकसाने वाला और लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया उनकी कमजोरी पर हंसती है और पुतिन तो उनको हजम कर सकते हैं। बहस में एक वक्ता के बोलते समय दूसरे का माइक बंद रखा गया था। इसलिए एक-दूसरे को टोकना तो संभव नहीं था, पर हैरिस ने ट्रंप का संतुलन बिगाड़ने के लिए अपनी भाव-भंगिमाओं का बखूबी इस्तेमाल किया। ट्रंप को सबसे अधिक ताव तब आया, जब हैरिस ने उनकी रैलियों पर कटाक्ष किया। उसके बाद वह अवैध आप्रवासी पालतू कुत्ते-बिल्ली मारकर खा रहे हैं और अस्पतालों में गर्भपात के नाम पर नवजात शिशुओं को मारा जा रहा है, जैसे बेसिर-पैर के दावे करने लगे। हैरिस ने भी ट्रंप द्वारा गर्भपात पर बैन लगाने

## ईश्वर के प्रति समर्पण निष्काम बना देता है



संकलित

दर्शन

भगवान ही सब लोकों के एकमात्र ईश्वर हैं और वे भगवान जीवमात्र के परम सुहृदय होने के कारण मेरे भी परम सुहृदय हैं। यह जानते ही उसे शांति मिल जाती है। उसे निश्चय हो जाता है कि अब मैं सब प्रकार से सुरक्षित और पूर्ण काम हो गया। जब सर्वशक्तिमान भगवान मेरे परम सुहृदय हैं, तब मुझे किसका डर।मनुष्य के मन में नाना प्रकार के मनोरथ हैं। संसार में वह सदा ही अपने को किसी-न-किसी अभाव से ग्रस्त पाता है। किसी भी अवस्था में वह यह अनुभव नहीं करता कि मुझको सब कुछ मिल गया, अब और कुछ भी नहीं चाहिए। बड़ी-से-बड़ी दुर्लभ वस्तु के पाने पर भी वह उसमें किसी कमी का अनुभव करता है और यह सोचता है कि जब मेरी यह कमी पूरी होगी, तब मुझे शांति मिलेगी। यह अभाव का अनुभव कभी मनुष्य के चित्त को शांत नहीं होने देता। शांति की दो ही स्थितियां हैं। एक तो वह, जिसमें पहुंचने पर वह स्वयं शांतिस्वरूप हो जाता है। फिर उसे किसी वस्तु की कमी का कभी बोध होता ही नहीं। वह सभी में सर्वत्र, सर्वथा और सर्वदा एकमात्र परमात्मा को देखता है और अपने को उनसे अभिन्न पाता है। उसकी यह पूर्णता उसकी स्वरूपभूता होती है, इसी का नाम मुक्ति है। दूसरी वह स्थिति है, जिसमें वह अपने को सदा-सर्वदा भगवान के संरक्षण में पाता है, जहां भगवान अनंत हाथों और अनंत शक्तियों से उसकी कमी को पूरा करने के लिए सदा प्रस्तुत रहते हैं, परंतु उसे भगवान को पाकर किसी कमी का अनुभव होता ही नहीं, वह कृतार्थ हो जाता है।

## चेतना का जाग्रत होना ही पूर्ण विकास है



संकलित

प्रेरणा

अज्ञात नींद से जागना मनुष्य का जन्म है और चिर निद्रा में चले जाना मृत्यु। जन्म-मृत्यु के बीच भी इंसान सोने-जागने के उपक्रम में लगा रहता है। उसकी पूरी आयु इसी में निकल जाती है और वह अपना पूर्ण विकास नहीं कर पाता। मनुष्य का पूर्ण विकास तभी होता है, जब उसकी चेतना जाग्रत होती है। रात बीतती है। सूरज उगता है और आदमी जाग जाता है। सोने के बाद जागना, यह निश्चित क्रम है। कोई भी आदमी चौबीस घंटे तक नहीं सोता। जो चौबीस घंटा सोया रहता है, वह मूर्च्छित माना जाता है। चेतना लंबे समय तक सोयी रहती है। वह मूर्छा में रहती है। ध्यान का प्रयोजन है- मन जागे, चेतना जागे। जागना विकास है, सोना ह्रास है। खलील जिब्रान ने अपने आपसे पूछा- सभ्यता का जन्म कब हुआ? उत्तर मिला, जिस दिन आदमी ने बीज बोया उसी दिन सभ्यता का जन्म हुआ। धर्म या कर्तव्य का जन्म कब हुआ? जिस दिन बीज पर मेह बरसा कर्तव्य का जन्म हुआ। कला का जन्म कब हुआ? जिस दिन बीज फला, सौंदर्य देखा, उसी दिन कला का जन्म हुआ। दर्शन का जन्म कब हुआ? जिस दिन मनुष्य ने अपने बोए हुए बीज को अधिक मात्रा में खाया, अजीर्ण हो गया और उसे मिटाने के लिए दिमागी कसरत की, तब दर्शन का जन्म हुआ। बेचारा शरीर भारवाही है। बहुत भार ढोता है। वह तीन प्रकार के भार ढोता है। एक है- चित्त या भावधारा का भार। दूसरा है- इच्छा का भार और तीसरा है- मन का भार। अकेला शरीर इन तीनों का भार ढोता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हथकरघा को और बढ़ावा मिले


वर्ष 1905 में जब अंग्रेजी शासक लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन की कोशिश की, तो उसी समय कोलकाता के टाउनहॉल में हमारे देश के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन का श्रीगणेश किया था। हथकरघा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति की एक पहचान भी है। इनमें हमारे देश के इतिहास की झलक देखने को मिलती है। केंद्र सरकार देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त 2015 को इस दिवस को मनाने का ऐलान किया था, ताकि देश में हथकरघा उत्पादों और इसके जरिए रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में हथकरघा को और बढ़ावा देने की जरूरत है।

– मयंक

## करंट अफेयर

### मोहम्मद अली जिन्ना को राष्ट्रपिता घोषित करने की मांग

क्या बांग्लादेश अब बदल गया है? 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद देश के जो हालात हैं, उससे तो ऐसा ही लगता है। देश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है और इन दिनों बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का नेतृत्व करने वाले मुजीबर रहमान तक के खिलाफ विचार प्रकट किए जा रहे हैं। यही नहीं हिंसक प्रदर्शनों के दौरान देश में कई जगहों पर मुजीबर रहमान की मूर्तियां तक हथौड़े से तोड़ डाली गईं, जिन्हें बंगबंधु कहा जाता है। यही नहीं, अब हालात ऐसे हैं कि ढाका में पाकिस्तान के निर्माता कहे जाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना को फादर ऑफ नेशन घोषित करने की मांग की गई।



## ऑफ बीट

### चीन में सरकार बढ़ा रही रिटायरमेंट एज, अगले साल से लागू

चीन की सरकार अपने कर्मचारियों के रिटायर होने की उम्र बढ़ा रही है। चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी के अनुसार, देश की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (संसद) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह पॉलिसी 15 साल में धीरे-धीरे लागू की जाएगी। इसमें पुरुषों के लिए रिटायरमेंट की एज बढ़ाकर 63 साल की जाएगी। महिलाओं के लिए सेवानिवृत्ति की आयु उनकी भूमिका के आधार पर 55 और 58 साल की जाएगी। चीन में फिलहाल सेवानिवृत्ति की आयु पुरुषों के लिए 60 वर्ष और महिलाओं के लिए श्रमिक वर्ग में (ब्लू कॉलर) 50 साल, जबकि ऑफिस में काम करने वाले वर्ग में (व्हाइट कॉलर)



## ट्रेंड

### देश की अस्मिता

मेरा इससे कोई सरोकार नहीं है कि राजनीतिक दल कैसी राजनीति करें, बस वे जो करें वो कानून और संविधान के दायरे में हो। सरकार की आलोचना करें, पर देश की अस्मिता के ऊपर नहीं।

-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति



### हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि

जेकेएनसी-कांग्रेस धारा 370 बहाल कर अलग झंडा वापस लाना चाहती है; बीजेपी ऐसा नहीं होने देगी। लोकसभा चुनाव में अब्दुल्ला-मुफ्ती की हार जम्मू-कश्मीर के मूड को दर्शाती है। आज कश्मीर के युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं, बल्कि तिरंगा है- ये हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### 'बहुजन समाज' सर्वोपरि

बीएसपी जातिवादी संकीर्ण राजनीति के विरुद्ध है। अतः चुनावी स्वार्थ के लिए आपाधापी में गठबंधन करने से अलग हटकर 'बहुजन समाज' में आपसी भाईचारा बनाकर राजनीतिक शक्ति बनाने का मूवमेन्ट है ताकि सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर हो सकें।


-मायावती, बसपा सुप्रीमो



### दिव्य रत्न की प्राप्ति

रामकथा की अमृत-धारा प्रत्येक दिन हम सबको अनेक अद्वितीय अनुभूतियों से समृद्ध कर रही है। इस दिव्य रत्न की प्राप्ति स्मृति-पटल पर सदा के लिए अमिट रहेगी।

-कुमार विश्वास, कवि व व्याख्याता



## संक्षेप

### जहरीला कीडा काटने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव चिंतापुरवा श्यामपुर में जहरीला कीड़ा काटने से एक व्यक्ति की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव निवासी लगभग पचास वर्षीय सुरजन घर में किसी काम से कमरे की तरफ जा रहा था तभी वहां छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे सी एच सी फतेहपुर चौरासी ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सुरजन की मौत हो गई।

### जुलूस ए मोहम्मदी पर नगर में उमड़ा हुजूम

शुक्लागंज, उन्नाव। पैगम्बर मोहम्मद साहब की पैदाइश के दूसरे दिन निकाला जाने वाला जूलूस-ए-मोहम्मदी नगर पर लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। जुलूस में सभी मस्जिदों के इमाम मुतावल्ली और उलेमा शामिल थे। युवा अलम लहराते सरकार की आमद मरहबा, नारा ए रिसाला या रसूल अल्लाह के नारे लगाते चल रहे थे। दोपहर तीन बजे से राजधानी मार्ग जामा मस्जिद में अहमद नगर, मदनी नगर, रहमत नगर, अली नगर, गोताखोर, रसीद कालोनी, अली नगर, चम्पापुरवा, मनोहर नगर, समेत तमाम मुस्लिम इलाकों से झण्डें आना शुरू हो गये थे। यहाँ से बड़ी संख्या में लोग झन्डें लेकर धोबिन पुलिया तक लेकर गए। नगर के मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे भी उत्साह के जुलूस में शामिल हुए। सभी मस्जिदों के इमामों का जगह-जगह साफा बांधकर इस्तकबाल किया। सतवास में भी मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### परसेंडी कुंडासर होते हुए निकला बारावफात का जूलूस

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील क्षेत्र मे बारावफात का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फखरपुर के ग्राम सौगहना परसेंडी से बरावफात का जुलूस निकल कर कुंडासर बाजार पहुँचा। जहां पर कुंडासर, गुलालपुरवा, नकौड़ा, एमा, सौगहना परसेंडी के हजारों की संख्या मौजूद ग्रामीणों व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति मे बरावफात का जुलूस परसेंडी चीनी मील होते हुए वापसी हुई। जूलूस मे गंगा जमनी तहजीब दिखाई दी हिन्दू मुस्लिम ने मिलकर जूलूस निकाला। 12 रबीउल अव्वल के दिन मुस्लिम समुदाय के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद साहब का दुनिया मे आमद हुई थी। उन्होंने इस्लाम का प्रचार प्रसार कर पूरी दुनिया मे इस्लाम को फैलाया एक अल्लाह की इबादत करना व उसके आलावा किसी और की इबादत न करने की बात कही उन्होंने साधरण जिंदगी जीने व झूठ, चोरी, बुराई, से बचने की हिदायत दी। इस मौके पर प्रधान रियाज अहमद, पूर्व प्रधान रजी, पूर्व प्रधान कुंडासर अनिल सिंह, अजय सिंह, वेद प्रकाश सिंह, मास्टर मेराज अहमद, शमीम खान, जहीन खान, फुजेल अहमद, प्रधान मो नसीम, मास्टर नसरुद्दीन, हयात अली सहित हजारों की संख्या मे लोग मौजूद रहें।

# गोपाल नीना फाउंडेशन द्वारा आश्रितों को मिला निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दोपहर का भोजन

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल अप महानगरपालिका जिला बांके में गोपाल-नीना फाउंडेशन ने स्थानीय नीलसागर सेवा आश्रम में आश्रित बच्चों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में आश्रित बच्चे लाभान्वित हुए। गोपाल-नीना फाउंडेशन के सह-निदेशक डा. तृप्ति पाल रमन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आश्रम में अधिकांश बच्चे जिनके कोई आश्रित माता-पिता नहीं थे और जिन्होंने अपने रिश्तेदारों को खो दिया था, उन्हें चकत्ते, शरीर में खुजली, त्वचा, दांत और मुंह की समस्याएं जैसी समस्याएं थीं। डॉ. तृप्ति पाल रमन ने कहा जिन लोगों को ऐसी समस्या थी, उन्हें मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं और स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं भी प्रदान की गई। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डा. गौरव श्रेष्ठ के अनुसार, गोपाल नीना फाउंडेशन ने आश्रम के आश्रितों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवाएं वितरित कीं, साथ ही सभी बच्चों को स्टेशनरी किट और स्वच्छता किट भी वितरित कीं। आहार कार्यक्रम में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डा नीना श्रेष्ठ, फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष/आयोजक टीम के डा. गौरव श्रेष्ठ एवं अन्य अतिथियों ने भोजन परोसा। आश्रम की प्रभारी अलीसा चौधरी एवं सामना नील सागर के अनुसार आश्रम के सभी बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। विशेष स्वास्थ्य शिविर डा. सचिन शाह, डा. कमल जंग शाही, बांके डेंटल क्लीनिक के डा. शालिनी मिश्रा पाठक, डा. दिल बहादुर संत्याल और डा तृप्ति पाल रमन ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के विपुल वर्मा, दिलीप गिरी, कल्पना चौधरी, भावना पौडेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. नीना श्रेष्ठ, फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष डा. गौरव श्रेष्ठ, वरिष्ठ पत्रकार पूर्ण लाल चुके, अधिवक्ता एवं फाउंडेशन सदस्य लोक बहादुर शाह, बांके डेंटल क्लिनिक के मालिक सुरेंद्र सिंह सरदार और अन्य ने संबोधित किया। इसी प्रकार दवा बाजार प्रतिनिधि संगठन नेपालगंज के प्रतिनिधि कुणाल लाखेर, बिपिन कुमार गुप्ता, प्रवीण ठाकुर, डी आर. डॉ पांडेय, नीरज पटेल, प्रकाश कलुनी, कमलेश कर्ण, भरत ओझा और चेतराज ओझा तथा एलएबीएल नेपालगंज के प्रतिनिधि रोहित कुमार भट्ट, अमित पांडे, विनोद अधिकारी ने भी डॉ का सहयोग किया जानकारी डॉ तृप्ति पाल रमन ने दी। पश्चिम नेपाल के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सक डा. गोपाल प्रसाद श्रेष्ठ एवं सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. नीना श्रेष्ठ के नाम पर उनके सुपुत्र वरिष्ठ पेट्रोलॉजिस्ट डा. गौरव श्रेष्ठ की अध्यक्षता में एक साल पहले स्थापित यह फाउंडेशन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। नेपालगंज-10 निवासी सुप्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सक द्वय श्रेष्ठ 51 से अधिक वर्षों से नेपालगंज में चिकित्सा सेवा में कार्यरत हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव, परिजनों में छाया मातम

### जांच में जुटी फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र अंतर्गत 15 वर्षीय एक किशोरी का दुपट्टे से लटका मिला शव। मृतका के पिता ने गांव निवासी युवक पर लगाए हैं गंभीर आरोप। जांच में जुटी फॉरेंसिक टीम व वैवाही पुलिस। खबर है कि जनपद के थाना खैरीघाट अंतर्गत चौकी वैवाही क्षेत्र निहित ग्राम पंचायत डल्लापुरवा के मजरा साधुपुरवा निवासी चंदू की 15 वर्षीय पुत्री ममता ऊर्फ मोहनी का शव आज सोमवार को शीशम के पेड़ में दुपट्टे से ग्रामीणों ने टंगा देखा। जिससे काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई। मृतका के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक किशोरी के पिता चंदू ने गांव निवासी मोहित पुत्र मलखे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना पर थाना खैरीघाट की चौकी वैवाही पुलिस मौके पर मौजूद है। वहीं फॉरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक तथ्यों की जांच पड़ताल की जा रही है। उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि 15 वर्षीय मोहिनी/ममता का शव शीशम के पेड़ से दुपट्टे में लटका हुआ मिला है,, शव को कब्जे में ले लिया गया है तथा संवैधानिक कार्यवाही की जा रही है। हालांकि मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# अमेठी पुलिस में दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

- लाखों रुपए के जेवरात और 12 हजार की नगदी समेत चोरी की बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धड़पकड़ अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली। जहां चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाराबंकी बॉर्डर से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान चोरों के पास से लाखों रुपए कीमत का जेवर, 12 हजार रुपए नगद और चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस दोनों चोरों को जेल भेज ने दिया है। दरअसल ये पूरा मामला इन्हौना थाना क्षेत्र का है। जहां बीते दिनों हुई कई चोरियों ने पुलिस की नींद हराम कर दी थी। पुलिस लगातार चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। आज दोपहर इन्हौना पुलिस बाराबंकी जिले के हजारीगंज बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर चोर उस रास्ते से गुजरने वाले है। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने अपाचे बाइक सवार दो शातिर चोरों जुम्मन अली पुत्र रज्जब अली और अब्बास अली पुत्र जफर हुसैन को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान चोरों के पास मौजूद झोले से बड़ी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात 12 हजार 30 रुपए बरामद हुए।

# बज्मे नबी में नात सुनाने आए हैं, सोई हुई तकदीर जगाने आए हैं

### सीमा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया बारह रबीउल अव्वल

### अकीदत व एहतेराम के साथ निकला जुलूस ए मोहम्मदी

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। दुनिया भर में इस्लाम धर्म के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस बड़ी ही अकीदत जोश खरोश के साथ मनाया गया। भारत नेपाल सीमा के रुपईडीहा और आसपास के क्षेत्रों के साथ साथ पड़ोसी मित्र देश नेपाल के नेपालगंज में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रात भर जागकर अल्लाह की इबादत की और अल्लाह को धन्यवाद दिया। अपने अपने घरों और गलियों में रौशनी की और खूब सजाया। इसके पूर्व बारह रबीउल अव्वल की पूर्व संध्या पर रूपईडीहा स्थित जामा मस्जिद के सामने एक जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रावस्ती से तशरीफ लाए मौलाना मोहम्मद जहूर रजवी ने मोहम्मद साहब की सीरत बयान करते हुए मोहम्मद साहब के उसूलों पर चलने की अपील की। उन्होंने अपनी तकरीर में बयान करते हुए बताया कि मोहम्मद साहब अल्लाह की तरफ से पूरी कायनात के लिए रहमतुललिल आलमीन बनाकर भेजे गये हैं। मोहम्मद साहब के जन्म से पहले अरब में महिलाओं पर बहुत जुल्म किया जाता था, लोग पैदा होने वाली बच्चियों को जिंदा कब्र में दफ्न कर दिया जाता था। आपके आने के बाद लोगो को इन सब बुराइयों से बचाया और लोगो को अपनी बच्चियों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने की हिदायत दी। इसके पूर्व शोराय इकराम, जमील हशमती फैजाबादी ने कलाम पेश करते हुए कहा की गुलामों का सोया मुकद्दर जगाने हुजूर आ रहे है हुजूर आ रहे है, कामिल रजा, सैय्यद कौनेनअशरफ, मोहम्मद नौशाद गोंडवी, कारी फैजान निजामी ने नातिया कलाम पेश किए। जलसे का बेहतरीन संचालन मुंबई से तस्तीफ लाने वाले जमाल अख्तर सदफ ने किया। इन्होंने कलाम पेश करते हुए कहा बनकर कोई भी बाप तमाशा नही उठा, दिल में लिए जलील इरादा नही उठा, इस्लाम ने बदल दिए रस्मो के जाविये, फिर जिंदा लड़कियों का जनाजा नही उठा। इस अवसर पर सीरत कमेटी के सदर मो खेसाल फारुकी, डॉ रोमान किदवई, पूर्व प्रधान जुबेर अहमद फारुकी, नौशाद हुसैन अशरफी, सज्जन अशरफी, इरशाद हुसैन, सज्जाद बाबा, शमशाद खां, इम्तियाज खां, गुड्डू मेकरानी, आलम मेकरानी आदि मौजूद रहे।

### बड़े ही अकीदत और धूमधाम से निकला जुलूसे मोहम्मदी

बारह रबी उल अव्वल के अवसर पर रूपईडीहा के जामा मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी बडी ही शान और शौकत से निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जो नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड, चकिया रोड, नई बस्ती, साकेत नगर, रुपईडीहा गांव, बरथनवा गांव होते हुए वापिस जामा मस्जिद के पास आकर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह मय दल बल के साथ मुस्तैदी से जुलूस के साथ निगरानी करते हुए चलते रहे।

# बहराइच के शिक्षक नवल पाठक व अंजू शर्मा को मिला सम्मान



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आर आर ग्लोबल तथा हेमा फाउंडेशन सहयोग से टीम एडूलीडर्स यूपी द्वारा सोमवार को होटल जिंजर, ग्रेटर नोएडा में एडूलीडर्स सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, प्रख्यात चरित्र अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी, भारतीय जनता पार्टी के असम राज्य प्रभारी और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी सहित विभिन्न अति विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा देश के 302 उत्कृष्ट शिक्षकों को एडूलीडर्स सम्मान तथा कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद बहराइच से शिक्षक नवल कुमार पाठक एवं अंजू शर्मा को मुख्य अतिथि लोकनिर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह एवं अति विशिष्ट अतिथि श्री जोशी अभिनेता द्वारा उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# अमरोहा में पानी न निकलने से लोग परेशान

- पालिका की चैयरमैन के खिलाफ प्रदर्शन, नाला बनने में भ्रष्टाचार का आरोप

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला स्थित मोहल्ला फाजलपुर के निवासियों ने जल निकासी की गंभीर समस्या से परेशान होकर आज नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के बसपा चैयरमैन के पति द्वारा मोहल्ले के पीछे नाला खुदवाने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे उनके मकान गिरने की कगार पर आ गए हैं। प्रदर्शनकारी लोगों ने आरोप लगाया कि नाले की खुदाई के बाद मोहल्ले में पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके कारण गलियों और मकानों में पांच-पांच फीट तक पानी भर गया है। उन्होंने बताया कि नाला ठीक से बना नहीं है और पानी का उचित निकास नहीं हो पा रहा है, जिससे उनकी समस्याएं बढ़ गई हैं। स्थानीय निवासी राजू यादव ने कहा, हमारे मोहल्ले में नाले का गंदा पानी भर गया है। कई मकान पानी की चपेट में आ गए हैं और अब ये मकान गिरने की स्थिति में हैं। हम कई बार नगर पालिका चैयरमैन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी तरफ से कोई सुनवाई नहीं की गई है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नगर पालिका चैयरमैन के खिलाफ नारेबाजी की और तत्काल समाधान की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नाला खुदवाने के फैसले के पीछे साजिश हो सकती है,

जिसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका चैयरमैन के पति द्वारा खुदवाया गया नाला बिना उचित योजना और मानकों के किया गया था, जिससे जल निकासी की समस्या पैदा हो गई। इस स्थिति ने न केवल पानी भरने की समस्या को जन्म दिया है, बल्कि लोगों के जीवन और संपत्ति को भी खतरे में डाल दिया है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करे और समस्या का समाधान सुनिश्चित करे।

# जुलूस ए मोहम्मदी बड़ी धूमधाम व बड़े अदबो एहतराम के साथ निकाला गया

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स०अलै० के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबीर के अवसर पर आज जुलूस ए मोहम्मदी बड़ी धूमधाम व बड़े अदबी एहतराम के साथ निकाला गया। जो पूरे नगर का गस्त करते हुए देर शाम को समाप्त हुआ। जुलूस ए मोहम्मदी सुबह करीब 10:00 बजे से मोहल्ला फिरोज नगर मस्जिद के पास से जुलूस ए मोहम्मदी की शुरूआत हुई। मोहल्ला फिदागंज होते हुए मोहल्ला मोती नगर होते हुए मोहल्ला नसीर नगर होकर मोहल्ला आजाद नगर से होकर पुराना बाजार से होते हुए शीतला देवी चौराहा होते हुए सुभाष नगर पश्चिम मोहल्ला से होते हुए दरगाह हजरत मखदूम अब्दुल गनी शाह यहां नात शरीफ में सभी लोगों ने शिरकत की। उसके बाद से होते हुए गोविंद चौराहा से होकर शाम 5:30 बजे जुलूस वापस मदरसा पहुंचा, जहां सलातो सलाम व दुआ के बाद इसका समापन हो गया। जुलूस ए मोहम्मदी निर्धारित रास्तों से होता हुआ दरूदों सलाम, नात शरीफ पढ़ते हुए आगेबढ़ता गया। जुलूस पर रास्ते में कई जगह लोगों ने फूल बरसाए। इसके साथ ही लोगों ने जगह-जगह जुलूस निकलने वाले रास्ते पर स्टाल लगाकर चाय, कॉफी, शरबत, फल, मिठाईयां आदि भी खूब बांटी। जुलूस में पैगंबरे इस्लाम की शान में पत्तीपत्ती फूल फूल या रसूल वा रसूल, व सरकार की आमद मरहबा जैसे नारे गूंज उठे। नगर पंचायत कीओर से नगर में विशेष साफ सफाई व्यवस्था की गई थी। तथा चुना आदि का छिड़काव भी कराया गया था। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा जगह-जगह भारी पुलिस फोर्स भी लगाया गया था। इस मौके पर मौलाना सैयद रहमान पूर्व चेयरमैन साबिर अली शकील अहमद फरीद अली किफायत अली शाहिद अली हकीक अली नूर खा अय्यूब अली सभासद आरिफ अली नबी हसन आजाद अली पूर्व सभासद नफीस कुरेशी सभासद रईस अली परवेज अली लाला हसन फकरुल हसन शकील हसन वहीदुल डॉक्टर लियाकत अली वारिस अली वसीम अली मसरूर अली समसुल हसन इमरान हारून अली शोएब अली मतीन अली जुबेर अली जुनैद अली दाऊद खान पत्रकार हसनैन अली पत्रकार सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर मोबाइल और नगदी चुरा ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के एक घर में देर रात अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

जिसकी सूचना पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी। कोतवाली नानपारा के राजा बाजार चौकी क्षेत्र नई बस्ती भग्गापुरवा सहादत ग्राउंड के निकट बने बलराम श्रीवास्तव के मकान में 15/16 सितंबर की रात में लगभग 2:00 बजे चोर घर में घुसकर मोबाइल और 3500 रुपए नगदी चुरा ले गए। जब परिवार के लोगों की आंख खुली तो देखा कि कपड़ा छितर बितर पड़ा था और मोबाइल गायब था। पीड़ित परिवार ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल को देखा और तहकीकात की। सुबह होते ही पीड़ित बलराम श्रीवास्तव ने कोतवाली नानपारा में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

पीड़ित बलराम श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी की घटना के बाद से पूरे परिवार में भय व्याप्त है। इससे पहले भी मोहल्ले में चोरियां हुई थी तो पहले छोटी फिर बड़ी चोरी का पैटर्न रहा था। इस संबंध में चौकी इंचार्ज राजा बाजार आर एस यादव नें अपने टीम के साथ पीड़ित के घर घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ज्ञात हो की सहादत इंटर कॉलेज ग्राउंड में शाम ढलते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है और यह जमावड़ा देर रात तक चलता रहता है। देर रात तक अज्ञात वाहनों का आवागमन, पैदल अज्ञात लोगों का आना-जाना भिन्न-भिन्न तरह के लोगों का बना रहता है जिससे आसपास रह रहे संभ्रांत व्यक्तियों में भय व्याप्त रहता है। पुलिस के द्वारा शक्ति नहीं अपनाई जा रही है जिस कारण से नशेड़ियों और मैदान में गलत इरादों के साथ आने वाले लोगों में भय नहीं है। जिसका खामियाजा आस पास के संभ्रांत निवासियों को भुगतना पड़ता है।

# छत पर सो रहे बालक पर भेड़िया ने हमला कर किया घायल



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद के हरदी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरी मोहन निवासी 11 वर्षीय इमरान परिवार के साथ छत पर सो रहा था। रात में भेड़िये ने छत पर पहुंच इमरान को दबोच लिया। इमरान के छटपटाहट पर पास में लेटी भाभी ननकई ने किसी तरह भेड़िया से इमरान को छुड़ाया। इसके बाद शोर मचाया। आसपास के लोग एकत्रित हुए और घायल बालक को सीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया है। सूचना पाकर वन कर्मी मौके पर पहुंचे और सभी ने जांच की। मालूम हो कि सीएम के निर्देश के बाद भी भेड़िया को शूट न करना कई सवाल खड़े कर रहा है। जबकि भेड़िया आए दिन अपनी आमद दिख रहा है।

# धूमधाम से निकाला गया 12 रबी उल अव्वल का जुलूस

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज/फखरपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र फखरपुर के विभिन्न गांवों से जुलूसे मुहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। जुलूस के साथ चलते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगो ने नारे तकदीर के नारे लगाए। गजाधरपुर, वजीरगंज, परसेंडी, टेंडवा, फखरपुर, कुडासपरा आदि गांवों का भ्रमण कर वजीरगंज कर्बला पहुंचकर जुलूस समापन हुआ। इस मौके पर ग्राम प्रधान व तमाम समाजसेवी मौजूद रहे।

### थानाक्षेत्र रूपईडीहा के बाबागंज में भी निकला जुलूसे मुहम्मदी

थाना रूपईडीहा क्षेत्र के कस्बा बाबागंज में शांतिपूर्वक धूमधाम से बारा-रबी-अव्वल का जुलूस निकाला गया। कस्बा बाबागंज पुरानी बाजार, नई बाजार से होते हुए जुलूस नारे तकदीर के साथ धूमधाम से निकला। इस दौरान सीओ नानपारा व प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ बराबर मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया बारह रबी उल अव्वल का त्यौहार

### भाई चारा प्यार मोहब्बत का संदेश देता है इस्लाम: नेता क्रांति कुमार सिंह

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जश्ने ईद मिलादुन्नबी यानी 12 रबी उल अव्वल का पर्व बहुत ही धूमधाम व शांत प्रिया तरीके से मनाया गया। कैसरगंज के तमाम गांवो के लोग आकर बस स्टॉप कैसरगंज पर जमा होते हैं उसके बाद जुलूस का कारवां महमूद शाह बाबा की मजार तक जाता है। फिर वहीं से कुछ लोग जरवल कस्बा के जानिब रवाना हो जाते हैं। ईद मिलादुन्नबी के मुकद्दस मौके पर कई किलोमीटरो का जुलूस बहुत ही शांति पूर्वक व धूमधाम तरीके से मनाया गया। इस मौके पर कैसरगंज पुलिस का बहुत योगदान रहा। पुलिस बल चप्पे चप्पे पर मौजूद रही। लोकतंत्र रक्षक सेनानी नेता क्रांति कुमार सिंह को ऐनी गांव के कमेटी के लोगों ने बस स्टॉप पर नेताजी को सम्मानित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह को व कोतवाल राजनाथ सिंह को सम्मानित किया। पत्रकार व समाजसेवी ठाकुर बृजेश सिंह राठौर को सय्युब अली नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली ने सम्मानित किया। इस मुकद्दस मौके पर अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष व मदरसा नूरिया के प्रबंधक समसुद्दीन बरकाती सय्युंब अली सोनू नगर पंचायत अध्यक्ष कैसरगंज मौलाना खालिद रिजवान मेडिकल स्टोर वा आदि सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# संक्षेप

## नाबालिग भतीजे ने चाचा का किया मर्डर

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में रोहटा में हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। बाल अपचारी भतीजे ने ही अपने चाचा की हत्या की थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। बीते रोहटा के रसूलपुर मढ़ी गांव में एक युवक का शव जंगल में पड़ा मिला था। मौके पर ही मृतक का मोबाइल व स्कूटी मिली थी। फोरेंसिक टीम ने हत्याकांड के खुलासे के लिए सबूत जुटाए थे। घटना के 3 दिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बाल अपचारी ने पुलिस पूछताछ में कहा कि मृतक के बड़े भाई की पत्नी के गांव के कई लोगों से अवैध संबंध थे। जिसे लेकर परिवार की काफी बदनामी हो रही थी। आए दिन मृतक अपनी भाभी को इसके लिए रोक टोक करता रहता था। इस कारण परिवार में भी विवाद होता रहता था। इसलिए मृतक की भाभी ने ही विनीत की हत्या की साजिश रच डाली। इसमें उसने अपने नाबालिग बेटे को शामिल किया। साजिश के तहत भतीजा अपने चाचा का पीछा करने लगा। दोनों अलग-अलग स्कूटी पर पहले भोला की झाल पर पहुंचे। वहां से बाद में दोनों रोहटा की ओर चल पड़े। रसूलपुर मढ़ी गांव के बाहर जंगल में मौका देखकर भतीजे ने अपने चाचा को तमंचे से गोली मार दी और भाग गया था।

## डीएम ने निर्वाचन सुपरवाइजरों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में डीएम दीपक मीणा ने निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन सुपरवाइजर के साथ बैठक की। डीएम ने 7 दिनों के अंदर मतदाता हाउस टू हाउस सर्वे का काम पूरा करने को लेकर निर्देश दिए है। कुछ समय पहले प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मेरठ आकर विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समेत सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य, मतदाताओं के घर-घर सर्वे और मतदाता पहचान पत्र के निर्माण की समीक्षा की थी। उन्होंने सभी कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूरा करने का सख्त आदेश दिया था। इसी निर्देश का पालन करते हुए डीएम दीपक मीणा ने विकास भवन सभागार में जिले के सभी निर्वाचन सुपरवाइजर व अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरे करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सत्यापन के दौरान अनुपस्थित, शिफ्ट, मृतक, फोटो त्रुटि व डबल नाम आदि की भी जांच कर कार्रवाई की जाए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आयोग मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली ब्लॉक के ग्राम सभा चढ़राव में आरोग्य मेले का हुआ आयोजन। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह अपने पिता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रमुख ने कहा सरकार पशुपालकों को योजनाओं का लाभ दे रही है। जिससे उनकी आय बढ़ रही है ? पशुओं का दवा व जांच, टीकाकरण निशुल्क कराया जाता है ।जिसमें 224 बड़े पशु तथा 110 छोटे पशु, कुल 334 पशुओं का निशुल्क दवा वितरण एवं उपचार किया गयो पशु चिकित्साधिकारी पाली डा. निलेश कुमार द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी खुरपका मुंहपका, गलाघोटू, ब्रूसेलोसिस, पीपीआर, लंबी स्किन डिजीज, आदि बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया ।पशु चिकित्साधिकारी घघसरा डा.सत्येंद्र कुमार द्वारा पशुओं में होने वाले बाझपन एवं निवारण पर प्रकाश डालें व पशु चिकित्साधिकारी संमधिया डा .अरविंद कुमार द्वारा वगीर्कृत सीमन, केसीसी, व अन्य पशुपालन के लाभकारी योजनाओं पर प्रकाश डालें इस अवसर पर प्रधान अष्टभुजा सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ नीलेश कुमार, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ अरविंद कुमार वेटरनरी फार्मासिस्ट केसी यादव, पैरावेट विजय कुमार पांडे, आलोक त्रिपाठी, सुभाष गौड़, अविनाश त्रिपाठी, सुनील मिश्रा ,पशुपालक इंद्रावती देवी, मालती देवी ,अमरनाथ यादव, राजाराम, श्याम मोहन सिंह, अनिल सिंह, दिनेश सिंह, हिमांशु यादव समेत ग्राम सभा के पशुपालक उपस्थित रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलुस, बड़ी संख्या में अकीदतमंद हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर ईद मिलादुन्नबी निकाला जो गोला उपनगर के मदरसा रिजिबिया व अनवारूल उलूम से भारी संख्या में लोगों जुलूस निकालते हुवे विभिन्न स्थानों से होते हुए गए। शांति व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर मोहम्मद साहब जयंती को मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा के नारे लगाते हुवे जैसे गर्मजोशी से नारे लगाए गए। वही जुलूसे मोहम्मद के दौरान मुस्लिम समाज में काफी उत्साह देखा गया। बता दे की इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रजब माह के 12 रबी उल अव्वल को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था वही मुस्लिम समाज के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब की जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं। मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा धार्मिक स्थलों व अपने मकान को इलेक्ट्रानिक की झालरो से सजाते है। वही मदनी कमेटी के हाफिज इम्तियाज अहमद ने व मदरसा जामिया रिजबिया के उलेमाओं ने मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर लोगों को बधाई और देश की अमन और तरक्की में उनके योगदान को याद कराया। वही मदरसों के बच्चो ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलूस मोहम्मदी निकाला इसमें बड़ी संख्या में बच्चो के अलावा मैलाना सिद्दिक कादरी मौलाना हामिद अली कारी ग्यासुद्दीन कारी एखलाख अहमद गरीब अली नूरुल राईन फैजुर्रहमान गुलाम रब्बानी महताब आलम मंजूर आलम हाफिज सद्दाम हुसैन इरफान अहमद शानू शेख अलावा मदरसा कमेटी के लोग व गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

# अनुसूचित समाज के मुद्दों पर मंत्री से मिले भाजपा नेता



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सर्किट हाउस में भाजपा महानगर अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर जिले में अनुसूचित समाज से संबंधित योजनाओं के विषय में जानकारी साझा की एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में रह रहे छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया गया। मंत्री असीम अरुण के द्वारा मौके पर मौजूद समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# प्राचीन दुर्गा मंदिर के बगल में बिक रहा मांस

**कोर्ट के आदेशों की उड़ रही धज्जियां, धड़ल्ले से मंदिर के बगल में बिक रहा है मीट**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। खजनी के रुद्रपुर कस्बे के थाने के बगल में खुलेआम बिक रहा हैं। मांस, धर्म आस्था का विषय है, इसलिए कोर्ट ने इसका संज्ञान लेते हुए धार्मिक स्थलों के 50 मीटर के दायरे में मांस की दुकान चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बावजूद इस आदेश का रुद्रपुर खजनी में अभी तक पालन नहीं हो पाया है। कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज ?जियां उड़ातेहुए लोग मंदिर के सट्टे बगल में आधा दर्जन से अधिक मीट की दुकान चला रहे हैं। वहीं, चौकाने वाली बात ये है कि 22 जुलाई को रुद्रपुर ग्राम प्रधान संगम उर्फ राहुल त्रिपाठी ने अपने लेटर पैड पर लिखित रूप से प्रार्थना पत्र दिया था संपूर्ण समाधान दिवस पर लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई दिनांक 14 सितंबर को नायब तहसीलदार और थाना अध्यक्ष खजनी ने मौके का निरीक्षण किया शासन प्रशासन को देखते ही मौके से दुकानदार फरार हो गए। अंबे लाल भरतीया - प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाय ने बताया दर्जनों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर के बगल में ही मांस की दुकान खुली है। इससे श्रद्धालुओं को बहोत परेशानी होती है। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन से भी की, लेकिन आज त ?क कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जूगानी त्रिपाठी ने कहा मंदिर में हमारे अराध्य देवताओं के सामने मांस की दुकान होना धार्मिक कार्यों में बाधा डालने के समान है। और मुर्गा के अवशेष दर्जनों घरों पर गिरते हैं। जिस वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कृष्ण मोहन भरतीया- ने बताया गंदगी व गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका को लेकर आमजन काफी आक्रोश आम जनता भयभीत रहते हैं। सड़क से गुजरने वाला व्यक्ति बदबू और गंदगी की वजह से नाक बंद करके वहां से गुजरता है। उक्त विषय में नायब तहसीलदार सुरज व थाना अध्यक्ष ने बताया जल्द इसका निस्तारण किया जाएगा। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में निर्देश दिए हैं कि यदि धार्मिक स्थलों के 50 मीटर के आसपास, घनी बस्ती या सड़कों के किनारे मांस की बिक्री होती है तो उन दुकानों को चिंहित कर तत्काल हटवाया जाए।

# सीतापुर की नमकीन फैक्ट्री में लगी आग

**बॉयलर फटने की वजह से फैक्ट्री में लगी आग, दमकल विभाग की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में नमकीन फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में आग लगने की वजह बॉयलर का फटना बताया जा रहा है। भीषण आग लगने से धुएं का गुब्बार आसमान में दिखाई दे रहा है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई है। फैक्ट्री के अंदर आग लगने से अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है। मामला शहर कोतवाली इलाके का है। यहां नमकीन फैक्ट्री के अंदर अचानक आग लगने से हर काम मच गया। बताया जाता है कि आग लगने की वजह फैक्ट्री में बॉयलर में प्रेशर बढ़ना बताया जा रहा है। कोतवाली नगर इलाके के नारायण टॉकीज के सामने स्थित एस. के. एंटरप्राइजेज मिल में आग लगने की वजह बॉयलर में लगे कैप्सूल पर गैस का दबाव बढ़ाना बताया जा रहा है। इस नमकीन फैक्ट्री में नमकीन की निर्माण के साथ ही तेल रिफाइनरी का भी काम होता था। आज सुबह करीब 12:00 बजे अचानक बॉयलर का कैप्सूल फटने से आग लग गई। देखते ही देखते आग नहीं विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री में भीषण ने आग का भीषण रूप ले लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सतीश ने बताया कि आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां लगातार आग बुझाने में जुटी हुई है। फैक्ट्री में पानी का इंतजाम न होने के चलते फायर बिग्रेड को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। फैक्ट्री के संचालक का कहना है कि अभी नुकसान का आकलन नहीं हो सका है, लेकिन करीब 2 घंटे बीत जाने के बाद अब आग पर काबू पाया जा सका है।

# दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

- बारिश के कारण गिरी दीवार, 8 साल के बच्चे को अलीगढ़ किया गया रेफर

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर जनपद में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को कठिनाई में डाल दिया है। डिबाई क्षेत्र के गांव पोखरपुर में बारिश के कारण एक घेर की दीवार गिर गई, जिससे एक वृद्ध और एक बच्ची मलबे में दब गए। इस हादसे में 70 वर्षीय जीवाराम की मौत हो गई, जबकि 8 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम डिबाई और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बच्ची को मलबे से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गंभीर हालत में बच्ची को अलीगढ़ हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। स्थानीय प्रशासन ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार हो रही रिमझिम बारिश के कारण यह हादसा हुआ। बुजुर्ग जीवाराम का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एसडीएम डिबाई, कमलेश कुमार ने पुष्टि की कि यह घटना डिबाई तहसील क्षेत्र के गांव पोखरपुर में हुई है और मृतक की मौत की पुष्टि की है। प्रशासन ने राहत कार्यों की तैयारी शुरू कर दी है।

# जौनपुर में आप कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत, जेल के ताले टूटे केजरीवाल छूटे... के नारे लगाए**

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद उत्सव मनाया। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कचहरी से अंबेडकर तिराहे तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कार्यकताओं ने संविधान और लोकतंत्र की जीत का दावा करते हुए जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल जी छूट गए जैसे नारे लगाए। न्यायालय को धन्यवाद देते हुए उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बांटी। पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि पूरा तथाकथित शराब घोटाला झूठ की बुनियाद पर खड़ा किया गया था। मोदी सरकार ने जो झूठ का पहाड़ बनाया था और आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश की थी, वह आज माननीय न्यायालय के आदेश से बेनकाब हो गया है। यह सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और न्यायिक प्रक्रिया में आस्था रखने वाले हर व्यक्ति के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। यह सत्य की जीत है।

हम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। जिलाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा ने भी प्रतिक्रिया दी, राजनीति कितनी भी गंदी हो जाए, न्यायपालिका हमेशा सत्य के पक्ष में न्याय करती है। अरविंद केजरीवाल की जमानत किसी एक पार्टी या व्यक्ति विशेष की बात नहीं है। जब भी कोई तानाशाह या व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश करेगा, न्यायपालिका सामने आएगी और देश की रक्षा करेगी। शत्रुघ्न सिंह सोनू, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी, समाजसेवी प्रदीप मिश्रा, यूथ विंग प्रदेश सचिव बबलू गुप्ता, विधि प्रकोष्ठ पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्र, शिवजी मिश्रा, आशीष यादव, अनिल शर्मा, अमित विश्वकर्मा, राजबहादुर पाल, राम प्रताप एडवोकेट अशोक, इस्लाम खान, नन्हे यादव, राज कनौजिया, विनोद यादव।

# ओबरा में हड़ताल पर सफाई कर्मी

- नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था में भारी संकट, 30 दिन की वेतन की कर रहे मांग

अमन लेखनी समाचार



ओबरा, सोनभद्र के ओबरा स्थित गांधी मैदान में ओबरा नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने नगर की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। कर्मचारियों की 30 दिनों के वेतन की मांग को लेकर शुरू की गई इस हड़ताल के कारण नगर में गंदगी का आलम हो गया है, जिससे स्थानीय लोग नाराज और चिंतित हैं। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें 26 दिनों का वेतन ही मिला है, जबकि उनकी 30 दिनों की वेतन की मांग पूरी नहीं की गई है। इसके अलावा, वे ईपीएफ, आईडी कार्ड और समय पर वेतन देने की भी मांग कर रहे हैं। हड़ताल के दौरान, उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक कार्य बाधित रहेगा। अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल ने मजदूरों की हड़ताल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शासन द्वारा केवल 26 दिनों का वेतन निर्धारित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत ओबरा शासन के निर्देशों से ऊपर नहीं है और इसलिए 30 दिनों का वेतन देने की मांग पूरी नहीं की जा सकती। अधिकारी ने यह भी कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार, महीने में चार दिन की छुट्टी दी जाती है और इसके बाद भी कामकाजी लोगों को चार दिन रिलैक्स करने का समय मिलता है। स्थानीय लोगों ने सफाई व्यवस्था की स्थिति को लेकर अधिकारियों के खिलाफ विरोध जताया है और मांग की है कि तत्काल सुधार किया जाए। कर्मचारियों की मांगों को लेकर स्थानीय प्रशासन के समक्ष समस्या समाधान के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

# मेरठ में 148 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर



- एसएसपी ने लिया एक्शन, लंबे समय से एक ही थानों में थी तैनाती

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में एसएसपी ने 148 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर कर उन्हें नए थानों में तैनाती दी है। एसएसपी ने क्राइम व्यवस्था में सुधार करने और पुलिस कर्मियों की आए दिन हो रही शिकायत के चलते यह कदम उठाया है। ये सभी पुलिस कर्मी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात थे। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा देर रात 3 साल से थानों में जमे 148 कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल का ट्रांसफर कर दिया। हाल ही में एसएसपी ने कुछ थानेदारों को भी इधर से उधर किया था। कुछ नए सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर पर भरोसा जताते हुए उन्हें थानों की कमान सौंप थी। देर रात भारी संख्या में ट्रांसफर की लिस्ट जारी होने से पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने कहा कि शहर से क्राइम को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।

# सीतापुर में जंगली जानवर ने चार बकरियों पर किया हमला


- एक बकरी की मौत तीन जख्मी, बारिश के चलते मिटे पगचिन्ह

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में भेड़िए की दहशत लगातार ग्रामीणों में बनी हुई है। जंगली जानवर के साथ भेड़िया भी अलग-अलग हिस्सों में मवेशियों पर हमला कर उन्हें अपना निवाला बन रहा है, लेकिन वन विभाग किसी भी जानवर को पकड़ने में नाकामयाब साबित हो रहा है। यहां खेतों में बकरियों पर जंगली जानवरों के एक झुंड ने हमला कर दिया। हमले में एक बकरी की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। ग्रामीणों का दावा है कि बकरियों पर हमला करने वाला जंगली जानवर भेड़िया था। वहीं वन विभाग पग चिन्ह की जांच पड़ताल कर रहा है। मामला इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके का है। यहां के ग्राम बसेटी निवासी कुंती देवी ने बताया कि वह खेतों की तरफ बकरियां चराने गई थी। इसी दौरान जंगली जानवरों के झुंड ने बकरियों पर हमला कर दिया। बकरियों पर हो रहे हमले को देखकर कुंती ने शोर मचाकर अन्य ग्रामीणों को एकत्रित कर लिया और तब जाकर जंगली जानवरों के झुंड गन्ने के खेत में घुस गए। जंगली जानवरों के झुंड द्वारा बकरियों पर किए गए हमले में एक बकरी की मौत हो गई जबकि तीन अन्य बकरियां हमले में जख्मी हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने खेतों में मिले पग चिन्ह की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# डीएम व एसपी ने कान्हा गौशाला का किया स्थलीय निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से कान्हा गौशाला अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंशों के सापेक्ष चारा, भूसा, पशु आहार व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित केयरटेकरों को गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने तथा गौशाला परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, केयरटेकरों से उन्होंने उनके भुगतान आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

# पुजारी के घर मे घुसकर दबंगों ने मचाया तांडव

## पुजारी व उनकी पत्नी और मां गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में देर रात दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। लाठी डंडों और धारदार हथियार से लैस दबंगों ने मंदिर के पुजारी के घर में घुसकर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों के हमले में मंदिर के पुजारी समेत उसकी पत्नी और मां गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुजुर्ग मां की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

### ये था मामला

दरअसल ये पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के राघीपुर गांव का है। जहां स्थित शक्तिपीठ दुर्गन भवानी धाम में स्थित गोरखनाथ शिव मंदिर के पुजारी हमले में पुजारी गोरखनाथ गिरी




53 वर्ष, पुजारी के पत्नी माया देवी 45 वर्ष और पुजारी की मां राजकुमारी 75 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई।आनन फानन में तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पुजारी की मां राजकुमारी की हालात गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुजारी गोरखनाथ और उनकी पत्नी का जिला अस्पताल में इलाज चल



रहा है। गोली लगने से पुजारी की मां का चेहरा उड़ गया है।

### पुजारी ने कहा

पुजारी के मुताबिक विपुल सिंह, विक्रम सिंह,निर्भय सिंह,आकाश सिंह,शशांक सिंह समेत पांच 6 अज्ञात लोगों ने हमला किया था।इस दौरान दबंगो ने पिस्टल से गोलियां भी चलाई है।गोली से उसकी माँ का चेहरा उड़ गया है। दबंगो ने घर के बाहर खड़ी छोटा हाथी वाहन और साइकिल में भी तोड़फोड़ की है।

### एसएचओ ने कहा

वही पूरे मामले पर गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि 6 नामजद समेत 10 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। अभी एक व्यक्ति को हिरासत के लिया गया है।

# रामगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

अमठी मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना रामगंज पुलिस द्वारा महिलाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

# युवक पर गोली चलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

## बाइक सवार बदमाशों ने चलाई थी गोली, तमंचा-बाइक और कारतूस मिले

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिले में दो दिन पहले साइकिल सवार युवक को गोली मारने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रामगंज थाना क्षेत्र के बैरघाट के पास हुई इस घटना में पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।मामला रामगंज थाना क्षेत्र के बैरघाट का है, जहां एक युवक दो दिन पहले प्रैक्टिस कर घर लौट रहा था। आरोपियों ने युवक पर तमंचे से गोली चला दी थी, जिसके बाद वे फरार हो गए थे।इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी।आज सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो दिन



पहले युवक को गोली मारने वाले आरोपी पास से गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान सुभाष चंद्र यादव (38) पुत्र शारदा यादव, निवासी नकछेद का पुरवा और संदीप यादव उर्फ बलराम यादव पुत्र नंदलाल यादव, निवासी नकछेद का पुरवा के रूप में की गई है।

### आरोपियों के कब्जे से मिला तमंचा

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शनिवार की शाम को वे युवक पर तमंचे से गोली चला दी थी और घटना के बाद फरार हो गए थे।पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और बाइक बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है और उन्हें जेल भेज दिया है।

# फर्राटा पंखा लगाते समय लगा करेंट, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सिसोलर थाना क्षेत्र के भैंसमरी में फरार्टा पंखा लगाते समय करेंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई।इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम भैंसमरी निवासी संत प्रकाश 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय चंदन सिंह अपने घर में फरार्टा पंखा लगा रहा था। तभी अचानक करेंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।इस घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक अपनी मां का इकलौता पुत्र था।संत प्रकाश जब एक वर्ष का था तभी उसके पिता की मौत हो गई थी। उसकी मां ने मजदूरी कर बड़ी मेहनत के साथ उसे पाल पोसकर बड़ा किया था। बेटे की मौत से उसकी मां बेहाल है। संत प्रकाश अविवाहित था फिलहाल इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। सिसोलर थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जोशोखरोश के साथ निकाला गया जुलूसे मुहम्मदिया

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।ईद मिलादुन्नबी का जुलूस कस्बे में हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। कस्बे में निर्धारित मार्गो से गुजरकर जुलूस ईदगाह में जाकर संपन्न हुआ।जुलूस में छोटे बड़े सैकड़ो हरे रंग के इस्लामी परचम शामिल किए गए। सुमेरपुर कस्बे में बारावफात का जुलुस शांतिपूर्वक ढंग से निकाला गया।जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरकर कस्बे के बांकी मार्ग स्थित ईदगाह प्रांगण में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में हरे रंग के सैकड़ों इस्लामी परचम शामिल किए गए थे। इस मौके पर जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में पेश इमाम हाजी सैफुल्लाह, मुनीर खान, डा. इमाद, शमसुद्दीन, हबीब खान, तुफैल अहमद,पूर्व सभासद नईम खान, सगीर खान, शानू, रफीक खान, रईस खान, वसीम सिद्दीकी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# मौनी महराज समर्थकों के साथ पीड़ित परिवार के साथ बैठै धरने पर





अमन लेखनी समाचार

अमेठी में प्रशासन की अनदेखी के खिलाफ एक परिवार ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। चक मार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर दायर मुकदमे के आदेश के बावजूद प्रशासन द्वारा मार्ग को खाली न कराए जाने से नाराज राजकुमार नामक ग्रामीण ने अपने परिवार के साथ आमरण अनशन पर बैठने का निर्णय लिया है।जिले के तिलोई तहसील के भेलाई कला गांव में चक मार्ग संख्या 302 पर लंबे समय से अवैध कब्जा चल रहा है। राजकुमार द्वारा दायर मुकदमे में चक मार्ग को खाली कराने का आदेश भी हो चुका है। लेकिन कई महीनों की शिकायतों और आदेशों के बावजूद, प्रशासन ने चक मार्ग को खाली नहीं किया।इस प्रशासनिक लापरवाही से तंग आकर राजकुमार और उनका परिवार अपने घर के बाहर आमरण अनशन पर बैठ गया है। उनका कहना है कि जब तक चक मार्ग को खाली नहीं कराया जाता, वे अनशन जारी रखेंगे।राजकुमार और उनके परिवार के आमरण अनशन की सूचना मिलते ही हिंदू धर्मगुरु और सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज भी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए हैं। सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज अपने समर्थकों के साथ पहुंचे।

### पुलिस बल किया गया तैनात

मौनी महाराज का समर्थन मिलने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। राजकुमार का कहना है कि अगर उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए अमेठी प्रशासन जिम्मेदार होगा।

# गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन बारावफात जूलूस के मद्देनजर लिया जायजा



अमन लेखनी समाचार

अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा त्यौहार गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन, बारावफात के जूलूस के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस का भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी । ड्यूटी में लगे अधि0/कर्म0गण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

# अमेठी में हर्सोंल्लास से सम्पन्न हुआ बारावफात का पर्व

## शानो-शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और शानो-शौकत के साथ मनाया गया पूरे जिले में जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।एएसपी और एडीएम ने अलग-अलग इलाकों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

अमेठी की जामा मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद मस्जिद के सामने आकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान लोग मोहम्मद साहब के प्रति आस्था और श्रद्धा से भरे हुए नजर आए।मुसाफिरखाना में भी जुलूस-ए मोहम्मदी बड़े ही धूमधाम से निकाला





गया यह जुलूस पूरे बस्ती से होते हुए मलिक का पुरवा पहुंचा और फिर नगर पंचायत से होकर इसौली मॉल के सामने समाप्त हुआ। जुलूस को मौलाना नूरुल हसन नूरी ने संबोधित किया और पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा हजरत मोहम्मद साहब ने इंसानियत का पैगाम दिया और बुराइयों से दूर रहने की सीख दी। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में भाईचारे और प्रेम का संदेश फैलाना चाहिए।₹जुलूस के दौरान ग्रामीण क्षेत्र से आई अंजुमनों को सम्मानित किया गया। मौलाना नूरुल हसन नूरी ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव को साल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सदस्य सैयद मकसूदुल हसन, कार्यक्रम आयोजक सहबान अहमद, एखलाक फारूक अहमद, तालिब हाशमी, आकिब इमरान, अमन इमरान, सभासद तस्लीम अहमद, फिरोज खान, उबेद अहमद समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान पूरे नगर में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जुलूस गौरीगंज चौराहे से होते हुए इसौली रोड स्थित जामा मस्जिद पहुंचकर समाप्त हुआ। मौलाना मोहम्मद आमिर कादरी, मौलाना उमर कादरी समेत अन्य उलमाओं ने भी जुलूस को संबोधित किया।

# देश की आजादी मे बलिदान देने वाले क्रांतिकारी महावीर सिंह की जयंती पर किया नमन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। गोरों के विरूद्ध आजादी के संघर्ष मे देशभक्तों की प्रतिभागिता के मद्देनजर सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ॠणी है के तहत एक बेमिसाल देशभक्त महावीर सिंह की जयन्ती पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि महावीर सिंह सही अर्थों मे एक महान वीर क्रांतिकारी थे। जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिये मात्र 27 वर्ष की उम्र में अपने को कुर्बान कर दिया। महावीर का जन्म उ. प्र. के एटा जिले के शाहपुर टहला मे देवी सिंह और शारदा देवी के घर हुआ था। ये बचपन से ही विप्लवी विचार के थे। कानपुर के डीएवी कालेज मे पढने के दौरान चन्द्रशेखर आजाद से इनका परिचय हुआ। फिर भगतसिंह और कई क्रान्तिकारियों से भेंट के बाद क्रान्तिकारी संगठन एचआरए मे शामिल हो गये। कई क्रान्तिकारी गतिविधियों सहित असेम्बली बम केस और सान्डर्स वध मे इनका प्रमुख योगदान रहा।इनको पुलिस ने गिरफ्तार कर सेल्युलर जेल भेजा। वहां पर इन्होंने जेल प्रशासन के विरुद्ध 40 दिनों की हडताल की। इनको डाक्टरों की टीम द्वारा जबरन दूध पिलाने से दूध फेफडों मे भर गया। बाद में जेल मे ही 17 मई 1933 को 27 वर्ष की उम्र मे यह शहीद हो गये।इनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम मे अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, आयुष शिवहरे, महावीर, प्रेम प्रजापति, प्रिन्स, बाबूलाल, सिद्धा प्रजापति, रिचा, भोलू सिंह, आशुतोष, दस्सी, अजय गुप्ता आदि शामिल रहे।

# हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

**पवित्र कुरान के पाक से अल्लाह की रहमत बरसती है – समाजसेवी जावेद हबीब**

**मोहम्मद साहब ने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया– आसिफ अहमद**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। ईद-ए-मिलाद-उनबी का पर्व जनपद में आज मुस्लिम समुदाय द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस्लाम धर्म में हर साल रबी उल अव्वल महीने की 12 तारीख को मिलादुन्नबी को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म मक्का में हुआ था। आसिफ अहमद ने कहा कि मोहम्मद साहब ने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया।इस त्योहार को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है।त्योहार के पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पैगम्बर के निर्देश व अनुसरण पर मस्जिदों में एकत्र होकर नमाज अदा की। समाजसेवी जावेद हबीब ने कहा कि इस दिन पवित्र कुरान के पाक से अल्लाह की रहमत बरसती है। साथ ही इस दिन लोग अपने परिजनों और करीबियों से मिलकर मिलाद-ए-नबी की शुभकामनाएं भी देते हैं। मकसूद नें कहा कि जो लोग दोस्तों और रिश्तेदारों से नहीं मिल पा रहे हैं, तो उन्हें सोशल मीडिया के जरिए ईद-ए-मिला-उन-नबी के मौके पर इन संदेशों से मुबारकबाद दे रहे हैं। इस अवसर पर शहर की सद्भावना और प्रेम का अनुश्रवण करते हुए हिन्दू भाईयों ने गले मिल कर मुबारकबाद भी तथा शहर के सोशल वर्कर्स तथा समुदाय के लोगों ने हर चौराहे उन मोहल्ले पर पानी शरबत लंगर का इंतजाम भी किया गया। इस मौके पर सदर कोतवाल अनूप सिंह, क्राइम निरीक्षक देवेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ एवं यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह यातायात टीम सहित जुलूस के साथ-साथ व्यवस्था मौजूद रहे दोनों समुदाय ने भाईचारे और प्रेम के साथ ही बहुत ही शांति पूर्वक एवं अमन से पैगंबर मोहम्मद साहब के संदेशों को अमल करते हुए शांतिपूर्वक जुलूस ए मोहम्मदी निकला तथा पूर्व संध्या पर शहर के सभी मस्जिदों व मुस्लिम मोहल्ले में चरागा व रोशनी का इन्तजाम रहोजिला प्रशासन व पुलिस का चुस्त इंतजाम रहा।

# सियार के हमलों के बाद एक्टिव मोड़ में हुआ वन विभाग

**अमेठी में बनाया डीएफओ आफिस कंट्रोल रूम, 24 घंटे कर्मी रहेंगे तैनात**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिले में जंगली सियारों के आतंक ने पिछले सप्ताह में गंभीर रूप धारण कर लिया है।पिछले एक सप्ताह में सियार के हमलों में 6 लोग घायल हो चुके हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।एक गांव में तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से सियार को पीटकर मार डाला।हाल ही में फुरसतगंज थाना क्षेत्र में कई लोगों पर सियार ने हमला किया, जबकि दो दिन पहले अमेठी थाना क्षेत्र के कालू का पुरवा गांव में एक महिला समेत दो लोगों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद वन विभाग की टीम ने



मौके पर जाकर पूरे इलाके की तलाशी ली, लेकिन सियार का कोई पता नहीं चल सका।सियारों के बढ़ते आतंक को देखते हुए वन विभाग ने तत्परता से कदम उठाए हैं। अमेठी के डीएफओ रणवीर मिश्रा ने एक कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जिसमें 24 घंटे वन विभाग के कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा, एक हेल्पलाइन नंबर 7839435248 जारी किया गया है। ग्रामीण इस नंबर पर कॉल करके तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### जल्द राहत मिलने की उम्मीद

प्रदेश के कई जिलों में इस समय जंगली जानवरों के आतंक की स्थिति है। अमेठी में जंगली सियारों के हमलों से चिंतित वन विभाग ने इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के समन्वय से आशा है कि इस समस्या का समाधान जल्द ही निकाला जाएगा और ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

# दिव्यांग जनों के कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन 17 व 18 सितंबर को : सीएमओ

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर 200 शैय्या जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में दिनांक 17 व 18 सितंबर 2024 को दिव्यांग जनों हेतु 3ऊ कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर का शुभारंभ दिनांक 17 सितंबर राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा किया जाएगा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## 'सिकंदर' में पहली बार जमेगी सल्लू- शरमन जोशी की जोड़ी

**मुंबई।** सलमान खान पिछली बार फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। अब सलमान फिल्म 'सिकंदर' लेकर आ रहे हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म से अभिनेता शरमन जोशी भी जुड़ गए हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। एआर मुरुगादॉस इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सत्यराज भी 'सिकंदर' में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगी। साजिद की पत्नी वर्धा नाडियाडवाला ने बताया था कि इस फिल्म की कहानी दर्शकों की आंखें नम कर देगी।

लाइफ Style



## तृप्ति आर्यन संग करेंगी रोमांस


एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता के रथ पर सवार है। फिल्म 'एनिमल' के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और तृप्ति के पास फिल्मों की लाइन लग गई। उनकी पिछली फिल्म 'बैड न्यूज' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया।

आने वाले दिनों में तृप्ति एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब खबर है कि कार्तिक आर्यन की एक दूसरी फिल्म के लिए भी उनके नाम पर पक्की मोहर लग चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के निर्देशन की कमान अनुराग बासु संभाल रहे हैं। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं और इसके संगीत की जिम्मेदारी प्रीतम को सौंपी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 24 सितंबर से शुरू होगी, जो फरवरी तक चलेगी, वहीं 2025 में फिल्म पर्दे पर आएगी। यह एक लव स्टोरी पर आधारित होगी। फिल्म के लिए अनुराग ने कार्तिक के साथ तृप्ति की जोड़ी फाइनल कर दी है और अभिनेत्री 'भूल भुलैया 3' जैसी कॉमेडी फिल्म के बाद अब रोमांटिक फिल्म में कार्तिक के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग के बाद कार्तिक निर्देशक मुदस्सर अजीज की फिल्म 'पति पत्नी और वो' के सीक्वल की शूटिंग शुरू करेंगे। उधर तृप्ति, 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में राजकुमार राव के साथ तो 'धड़क 2' में सिद्धांत चुतुर्वेदी के साथ दिखाई देंगी। विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म में शाहिद कपूर की जोड़ी भी तृप्ति के साथ ही बनी है।

हॉलीवुड मसाला



## पेरिस ओलंपिक में दर्शकों को चौंका दिया था

**लॉस एंजिलस।** अभिनेता टॉम क्रूज अपनी फिल्मों में खतरनाक स्टंट करने के लिए जाने जाते हैं। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की हर फिल्म में किए गए उनके स्टंट को लोग काफी पसंद करते हैं। पिछले दिनों टॉम क्रूज ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भी शानदार बाइक स्टंट करके दर्शकों को चौंका दिया था। हाल ही में, इस बात का खुलासा हुआ है कि टॉम को इस स्टंट के लिए कितना भुगतान किया गया था। पेरिस के बाद अब 2028 का ओलंपिक लॉस एंजिल्स में होगा। इसकी आयोजन समिति के अध्यक्ष केसी वासरमैन ने खुलासा करते हुए बताया कि टॉम क्रूज ने इस स्टंट को मुफ्त में किया था।



## पॉप स्टार टेलर करेंगी कमला हैरिस का समर्थन

**लॉस एंजिलस।** अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों का समर्थन करने वाले लगातार सामने आ रहे हैं। अब इस कड़ी में पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट का नाम भी जुड़ गया है। स्विफ्ट ने इंस्टाग्राम पर अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस का समर्थन करने का ऐलान कर दिया है। टेलर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस और टिम वॉल्ज को अपना वोट दूंगी। मैं कमला हैरिस को वोट दे रही हूं, क्योंकि वह अधिकारों और कारणों के लिए लड़ती हैं। मुझे लगता है कि उन्हें आगे बढ़ाने के लिए एक योद्धा की जरूरत है। मुझे लगता है कि वह एक स्थिर और प्रतिभाशाली नेता हैं।



## निभा सकती हैं युवराज की प्रेमिका का किरदार

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की जिंदगी पर फिल्म बनने जा रही है। उनकी बायोपिक फिल्म का ऐलान हो गया है। भूषण कुमार फिल्म के निर्माता हैं, वहीं रवि भागचंदका ने इसके निर्देशक की कमान संभाली है। युवराज की बायोपिक फिल्म के शीर्षक का ऐलान होना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, युवराज के किरदार के लिए रणबीर कपूर को चुना जा सकता है। अब खबर आ रही है युवराज की बायोपिक से अभिनेत्री फातिमा सना शेख जुड़ गई हैं। निर्माताओं ने किया संपर्क एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवराज की बायोपिक में फामिता उनकी प्रेमिका की भूमिका निभा सकती हैं। फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने अभिनेत्री से संपर्क किया है। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच बातचीत जारी है।




## 'जो तेरा है वो मेरा है' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** परेश रावल पिछली बार फिल्म 'सरफिरा' में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। पिछले कुछ समय से परेश अपनी आगामी फिल्म 'जो तेरा है वो मेरा है' को लेकर खबरों का हिस्सा बने हुए हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राज त्रिवेदी ने संभाली है। अब निर्माताओं ने 'जो तेरा है वो मेरा है' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है। 'जो तेरा है वो मेरा है' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 20 सितंबर, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर किया जाएगा। ट्रेलर में परेश की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। अजय जी राय इस फिल्म के निर्माता हैं।

टीवी मसाला

## किडनैपर के चुंगल में फंस गए थे राजेश पुरी

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता राजेश पुरी हाल ही में एक भयावह घटना से बाल-बाल बचे हैं जब कुछ लोगों के एक समूह ने उनका अपहरण करने की कोशिश की। इस दौरान राजेश पुरी की जान को भी खतरा हो सकता था। 'शक्ति-अस्तित्व के एहसास की' में अपने अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता राजेश ने हाल ही में हैरान कर देना वाला खुलासा करते हुए कहा कि वह एक बार किडनैपर के चुंगल में फंस गए थे। उन्हें बताया कि किडनैपर ने फेक इवेंट का झांसा देकर 2 करोड़ की फिरौती के लिए उनका किडनैप किया था। राजेश पुरी ने बताया, 'मैं तब चौंक गया जब उस आदमी ने मुझसे कहा आप वापस चले जाओ। यह कुछ भी ठीक नहीं है, कोई फंक्शन नहीं है और आप किडनैप हो गए हैं। मैंने बोला कि आप मुझे वापस छोड़ दें क्योंकि इस इलाके के बारे में कुछ नहीं पता है। खतरनाक स्थिति के बावजूद, किडनैपर के चुंगल से राजेश पुरी सुरक्षित भागने में सफल रहे। आखिरकार, वे मेरठ से 12 किलोमीटर दूर एक ढाबे पर रुके जहां उनमें से एक ने सच्चाई बताई और उन्हें वहां से चले जाने को भी कहा।



### किडनैपर की चाल में फंस गए थे

एक इंटरव्यू में राजेश पुरी ने खुलासा किया कि उन्हें एक कार्यक्रम में शामिल होने के बहाने दिल्ली बुलाया गया और बाद में कार से मेरठ ले जाया गया।
अभिनेता ने आगे बताया कि राजेश पुरी को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शिवम नाम के किसी व्यक्ति से निमंत्रण मिला था। हालांकि, राजधानी शहर में पहुंचने पर जिसे वह एक पुरस्कार समारोह मान रहे थे जहां उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था वहां उनका पता चला कि ये उन्हें फंसाने के लिए एक चाल थी।

### बताया फेक इवेंट का सच

बातचीत में राजेश पुरी ने इस घटना के बारे में शेयर करते हुए बताया कि उन्हें घोटालेबाज से 35,000 रुपये भी मिले थे। इसके अलावा, अभिनेता को दिल्ली से 9 सितंबर के लिए बुक की गई वापसी की टिकट भी मिली। यह सब वैध दिखाने के लिए अभिनेता से इवेंट पोस्टर के लिए अपनी कुछ तस्वीरें देने और भाषण तैयार करने के लिए भी कहा गया था। पूरी घटना में एकमात्र संदिग्ध बात यह थी कि घोटालेबाज ने अभिनेता को कभी कोई आधिकारिक निमंत्रण नहीं भेजा था। दिल्ली में हुई घटना को याद करते हुए राजेश पुरी ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर दो लोगों ने उनका स्वागत किया। अभिनेता ने आगे कहा, 'वे मुझे टैक्सी में ले गए और करीब एक घंटे बाद वे रुके और मेरा सामान कार में रख दिया। नई कार पर कोई लाइसेंस प्लेट नहीं थी और ड्राइवर ने मास्क पहना हुआ था, जिससे मुझे शक हुआ।

## जैकलीन से नरगिस फाखरी तक 'हाउसफुल 5' में आएंगी नजर

**मुंबई।** अक्षय कुमार को आखिरी बार फिल्म 'खेल खेल में' देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 32.66 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। मौजूदा वक्त में अक्षय 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त 'हाउसफुल 5' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। ताजा खबर यह है कि 'हाउसफुल 5' में 5 अभिनेत्रियां जलवा बिखेरती नजर आएंगी।



***अभिनेत्रियों के नाम आए सामने :*** एक रिपोर्ट के मुताबिक, नाडियाडवाला इस फिल्म को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ और डिनो मोरिया जैसे अभिनेता नजर आएंगे। अब खबर है कि 'हाउसफुल 5' में 5 अभिनेत्रियां अदाकारी का तड़का लगाती हुईं दिखाई देंगी। मुख्य अभिनेत्रियों के लिए जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, चित्रांगदा सिंह और सौंदर्या शर्मा को चुना गया है।

***45 दिनों तक चलेगी फिल्म की शूटिंग :*** कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग आज 15 सितंबर से लंदन में शुरू होगी, जो 45 दिनों तक चलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के कुछ दृश्यों की शूटिंग पहले लंदन में होगी और फिर बाकी शूटिंग एक क्रूज पर की जाएगी। 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त 'हाउसफुल 5' 6 जून, 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके निर्देशन की कमान तरुण मनसुखानी ने संभाली है।

## हिंदी दिवस 2024: अंग्रेजी बोलने वाले इन सितारों ने की हिंदी मीडियम से पढ़ाई

*मुंबई। देश में सबसे ज्यादा बोलचाल की भाषा हिंदी है। देशभर में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया और इसका आयोजन एक पखवाड़े तक होता है। इसी वजह से भारत में सबसे ज्यादा हिंदी भाषा की फिल्में ही बनती हैं। बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हैं, जिनकी हिंदी में गजब की पकड़ है और वे गर्व से हिंदी बोलते हैं। हालांकि, आज इस खास मौके पर हम आपको उन बॉलीवुड सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते हैं लेकिन पढ़ाई हिंदी मीडियम से की है।*

**कंगना रनौत :** कंगना रनौत की हिंदी में मजबूत पकड़ है। वह अक्सर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की बात करती हैं और इसी के साथ उन लोगों को फटकार भी लगाती हैं, जो हिंदी भाषा का मजाक उड़ाते हैं। कंगना ने कुछ समय पहले अपने बचपन की तस्वीरें साझा की थीं और लिखा था, 'मैं तब 12 साल की थी और ये मेरे टीचर सतीश शुक्ला जी हैं। मैं एक हिंदी मीडियम स्कूल में पढ़ती थी, जिसका नाम हिल वैली स्कूल था।'




**मिस यूनिवर्स बनीं सुष्मिता सेन :** सुष्मिता सेन 1994 में 18 की उम्र में मिस यूनिवर्स बनी थीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनकी पढ़ाई हिंदी मीडियम स्कूल से हुई है और शुरू में उनकी अंग्रेजी अच्छी नहीं थी। मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में उन्हें एक सवाल ही समझ नहीं आया, क्योंकि वो अंग्रेजी में था, लेकिन अपनी बुद्धि और कौशल से अच्छा जवाब देकर सुष्मिता ने जजों का दिल जीत लिया और मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम कर लिया।

**अनुपम खेर और पंकज त्रिपाठी :** अनुपम खेर पिछले कई दशकों से हिंदी सिनेमा में सक्रिय हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में से हैं, जो बड़े ही सरल शब्दों में हिंदी के शब्दों का प्रयोग करते हैं। इन्होंने पढ़ाई भी हिंदी मीडियम से की थी। वह जिस जमाने में शिमला के डीएवी स्कूल से पढ़े थे, वो हिंदी मीडियम हुआ करता था। उधर अभिनेता पंकज त्रिपाठी बिहार के डीपीएच स्कूल, गोपालगंज से पढ़े हैं। कोई शक नहीं कि हिंदी में उनकी डायलॉग डिलिवरी कमाल की है।

**मनोज बाजपेयी और नवाजुद्दीन सिद्दीकी :** टीवी धारावाहिक 'स्वाभिमान' से करियर की शुरुआत करने वाले मनोज बाजपेयी अब फिल्मों से सफर तय करते हुए ओटीटी तक की दुनिया में छा चुके हैं। उनकी शुरुआती पढ़ाई उनकी पढ़ाई झुग्गी-बस्ती के बीच स्थित एक हिंदी मीडियम स्कूल से हुई थी। दूसरी ओर नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी हिंदी बोलने में माहिर हैं। उप्र के मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे में पैदा हुए नवाजुद्दीन की स्कूली शिक्षा इस कस्बे में मौजूद बीएसएस इंटर कॉलेज से हुई थी।


### बड़े उत्साह से मनाते हैं गणेशोत्सव, घर में रहती है धूमधाम

## भगवान गणपति के सच्चे भक्त हैं ये बॉलीवुड सितारे

*मुंबई। देशभर में जहां गणेशोत्सव की धूम देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर मायानगरी मुंबई में भी इस त्योहार की एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। खासकर फिल्मों और छोटे पर्दे के सितारे इस पर्व को बड़े हर्षो-उल्लास के साथ मनाते हैं। न सिर्फ हिंदू कलाकार, बल्कि मुस्लिम सितारे भी बप्पा के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर आइए आपको उन सितारों से मिलवाते हैं, जो गणपति के बड़े भक्त हैं।*

### शिल्पा शेट्टी और अमिताभ बच्चन

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल दिल खोलकर अपने घर में बप्पा का स्वागत करेती हैं। शिल्पा की गणपति पर गहरी आस्था है। उनका वो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था, जिसमें उन्हें बैसाखी के साथ चलते हुए और भगवान गणेश का अपने घर में स्वागत करने के लिए आते हुए देखा गया था। उधर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी गणपति के परम भक्त हैं। वह हर साल अपने परिवार के साथ गणपति का जोरदार स्वागत करते हैं।





### सलमान खान और शाहरुख खान

सलमान खान व उनकी बहन अर्पिता खान शर्मा हर साल अपने घर में बप्पा को लेकर आते हैं। खान परिवार का शायद ही कोई सदस्य ऐसा होगा, जो इस पर्व में शामिल न होता हो। दूसरी ओर शाहरुख खान भी हर हिंदू त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। वह गणपति बप्पा में बहुत विश्वास रखते हैं और हर साल अपने घर पर उनकी मूर्ति स्थापित करते हैं। अभिनेता अपने परिवार को और बच्चों समेत ये उत्सव मनाते हैं।



### संजय दत्त और सैफ अली खान

संजय दत्त भी इन्हीं सितारों में शुमार हैं। उनके साथ-साथ उनकी पत्नी मान्यता दत्त भी गणपति बप्पा से बहुत प्रेम करती हैं। भगवान गणेश की आराधना करते हुए दत्त परिवार की तस्वीरें हर साल सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं। उधर सैफ अली खान हर साल अपनी पत्नी करीना कपूर और दोनों बच्चों के साथ अपने घर पर गणपति बप्पा की स्थापना करते हैं।



### ये सितारे भी सूची में शामिल

सैफ की बेटी सारा अली खान और उनकी बहन सोहा अली खान भी गणपति की जमकर पूजा करती हैं। दोनों हर साल बप्पा का स्वागत करती हैं। दीया मिर्जा, ऋतिक रोशन और श्रद्धा कपूर के घर भी हर साल बप्पा का आगमन होता है।

### गोविंदा और जैकी श्रॉफ

गणेश चतुर्थी पर गोविंदा के घर हर साल बप्पा विराजमान होते हैं। उनका पूरा परिवार बप्पा की भक्ति में लीन रहता है। भगवान गणेश से गोविंदा का प्रेम जगजाहिर है। दूसरी ओर जैकी श्रॉफ भी खूब जोर-शोर से अपने घर पर गणपति बप्पा का स्वागत करते हैं। पूरा श्रॉफ परिवार इस मौके पर साथ आता है और गणेश चतुर्थी को धूमधाम से मनाता है। बप्पा की भक्ति में लीन हर साल जैकी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं।

